आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 213 | उज्जैन, शनिवार 15 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बैंकॉक में 28 घंटे से फंसे भारत के 200 लोग

**नई दिल्ली।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भारत के 200 लोग गुरुवार शाम से फंसे हैं। वे एअर इंडिया की फ्लाइट से वापस भारत लौट रहे थे, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट रनवे से वापस लौट आई यात्रियों में कई मध्य प्रदेश के भी हैं। उनका कहना है कि एअर इंडिया ने न तो फ्लाइट कैंसिल की और न ही रिफंड किया। कभी 2 तो कभी 4 घंटे फ्लाइट डिले बताई जा रही है। इस तरह 28 घंटे बीत चुके हैं। यात्रियों ने बताया कि गुरुवार शाम 4-5 बजे से ही एयरपोर्ट पहुंचे थे। हम बहुत परेशान हैं। 28 घंटे से सिर्फ इंतजार ही कर रहे हैं, लेकिन कोई दूसरी फ्लाइट अरेंज नहीं की जा रही है। एअर इंडिया के किसी भी अधिकारी ने बात नहीं की है शुक्रवार को सिर्फ चेक इन और चेक आउट ही कर रहे हैं। छोटे बच्चे और महिलाएं भी हैं। सब नौकरीपेशा हैं। घंटों से परेशान हो रहे हैं। इंदौर की दिव्या माहेश्वरी ने बताया कि वह अपनी बुआ के साथ घूमने आई थीं। गुरुवार की शाम 5.30 बजे बैंकॉक से वापसी की एअर इंडिया की फ्लाइट थी। यह फ्लाइट दिल्ली के लिए थी।

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को दैनिक अवन्तिका परिवार अवकाश पर रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त सोमवार को प्रकाशित होगा। - प्र.सं.

नगर निगम इंदौर के सहायक राजस्व अधिकारी के यहां लोकायुक्त का छापा

# रेवेन्यू-ऑफिसर ने पत्नी के नाम खरीदी करोड़ों रुपये की 2 बिल्डिंग

## बेटे-बेटी के नाम कई गाड़ियां, आय से 216% ज्यादा प्रॉपर्टी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम इंदौर के सहायक राजस्व अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के ठिकानों पर लोकायुक्त ने छापा मारा है। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे लोकायुक्त के 20 अधिकारियों की दो अलग-अलग टीमें पांडेय के घर और उनकी पत्नी भावना के नाम हॉस्टल पर पहुंचीं। इनमें डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास और सचिन पटेरिया शामिल हैं।

प्रारंभिक जांच में एआरओ पांडेय की वैध आय की तुलना में करीब 1.73 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिलने की बात सामने आई है। लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के मुताबिक, पांडेय नगर निगम में करीब 31 वर्ष से नौकरी कर रहे हैं। पूरे सेवाकाल में उन्हें करीब 80 लाख रुपए वेतन के रूप में मिलने का अनुमान है। इसके मुकाबले जांच में करीब 2.53 करोड़ रुपए का खर्च सामने आया है। यह वैध आय से करीब 1.73 करोड़ रुपए ज्यादा और 216.35 प्रतिशत अनुपातहीन बताया गया है।

लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच में भावना पांडेय के नाम पर आनंद नगर एक्सटेंशन में एक इमारत मिली है। नवलखा-चितावद इलाके में 40X50 फीट के प्लॉट पर जी+3 भवन बना हुआ है। इसके निर्माण पर करीब 1.20 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसी तरह गजाधर नगर, चितावद के गुलमोहर का बगीचा इलाके में भावना पांडेय के नाम जी+2 बिल्डिंग मिली है। इसमें हॉस्टल चलने की जानकारी सामने आई है।



### पत्नी, बेटे-बेटी के नाम कई गाड़ियां

जांच में एआरओ जितेंद्र कुमार पांडेय की पत्नी, बेटे और बेटी के नाम कई चार पहिया और दोपहिया वाहन खरीदे जाने की जानकारी भी सामने आई है। इन पर करीब 14 लाख रुपए के खर्च का आकलन है। अधिकारियों के मुताबिक, अभी सामने आए आंकड़े प्रारंभिक हैं। दस्तावेजों और अन्य संपत्तियों के सत्यापन के बाद ही अनुपातहीन संपत्ति का अंतिम आकलन किया जाएगा।

### उत्तराखंड के चमोली की टनल में पानी भराया, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड में चमोली जिले के पीपलकोटी में गुरुवार शाम करीब 7 बजे निर्माणाधीन टनल में पानी और मलबा भर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। 3 अभी भी टनल में फंसे हैं, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। टनल में कुल 22 लोग फंसे थे। इसमें 12 मजदूरों को निकाल लिया गया है।

वहीं, घायलों से मिलने जा रहे गढ़वाल सीट से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी की चलती कार पर पहाड़ से एक बोल्डर गिर गया। इससे कार का अगला हिस्सा डैमेज हो गया और हेडलाइट टूट गई। हालांकि, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। यूपी के कई जिलों में तेज बारिश हो रही है। कानपुर में गंगा का पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे 100 से ज्यादा छोटे मंदिर डूब गए हैं।

देश के नाम राष्ट्रपति का संबोधन

## सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में सही कदम : द्रौपदी मुर्मू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने देश-विदेश के भारतीयों को बधाई दी और स्वतंत्रता के 80वें वर्ष के आगाज पर हर नागरिक से देश की प्रगति और तरक्की में योगदान देने का आह्वान किया।

80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने सभी देशवासियों को स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि अब से कुछ ही घंटों बाद हमारे देश की स्वतंत्रता के 80वें वर्ष का शुभारंभ होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक राष्ट्र के लिए सदैव जागरूक रहें।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश और दुनिया भर में रहने वाले सभी भारतीय इस पावन अवसर को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हम भारत के लोग अपने-अपने सपनों को साकार करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत की निरंतर प्रगति और तरक्की में योगदान देना ही हमारी स्वतंत्रता की सच्ची सार्थकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह भी कहा कि न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को भी न्याय से वंचित न रहना पड़े। आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में, खासकर किसानों के लिए, एक निर्णायक कदम है।

### समय रैना समेत पांच कॉमेडियन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने किया केस रद्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना समेत पांच के खिलाफ दर्ज केस शुक्रवार को रद्द कर दिए। इन पर इंजियाज गॉट लेटेंट शो में दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट और उनका मजाक उड़ाने एफआईआर दर्ज की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने ही दिव्यांगों के जागरूकता लाने की कोशिशों पर इन कॉमेडियंस की तारीफ की। अदालत ने दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए चेस टूर्नामेंट कराने पर कहा कि ये प्रतिभाशाली युवा हैं। अदालत ने कॉमेडियन समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के खिलाफ दर्ज केस रद्द कर दिए।

### जहरीली गैस ने 4 लोगों की जान ली

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के गयाजी जनपद के डोभी थाना क्षेत्र के गढ़ करमौनी गांव में खेत की सिंचाई के लिए लगे समरसेबल पंप को ठीक करने पुराने कुएं में उतरे चार ग्रामीणों की संदिग्ध जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ग्रामीण को बचाने के प्रयास में एक के बाद एक चार लोग कुएं में उतरते गए और कुछ ही मिनटों में यह कोशिश दर्दनाक हादसे में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी 31 श्रद्धालु घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पन्ना

मप्र के पन्ना जिले में मैहर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कालिंजर घाटी के पास बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कुल 31 लोग घायल हो गए। हादसा पहाड़ीखेरा-कालिंजर घाटी मार्ग पर सामने से आ रहे एक ट्रक को बचाने के दौरान हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112, बृजपुर और पहाड़ीखेरा पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया।

### नैनो न्यूज

- **इस्लामाबादः** पाकिस्तानी पीएम की धमकी- पानी रोका तो मुंहतोड़ जवाब देंगे, कश्मीर पर रुख कभी नहीं बदलेंगे, मुनीर की लीडरशिप में हमने दुश्मन को हराया।
- **नई दिल्लीः** वांगचुक बोले- 2047 तक भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा, श्रीलंका-बांग्लादेश जैसे देश हमसे आगे, सही नेतृत्व मिले, इसके लिए शांतिपूर्ण क्रांति जरूरी।
- **कीवः** नेतन्याहू ने ब्रिटेन को बताया इस्लामिक रिपब्लिक, बोले- परमाणु हथियार रखने वाला पहला ऐसा देश होगा, इजराइल को लेकर इंग्लैंड में सोच बदली।
- **नई दिल्लीः** डोभाल बोले- भारत की सहनशीलता को कमजोरी न समझें, भारत सख्त जवाब दे सकता है, 88 घंटे ऑपरेशन सिंदूर चलाया, आतंकी कैंप तबाह किए।
- **नई दिल्लीः** जुलाई में थोक महंगाई 9.87% से घटकर 9.78% हुई, ईंधन और बिजली में थोड़ी राहत, लेकिन खाने-पीने की चीजें महंगी।
- **वाशिंगटनः** ट्रम्प ने ड्रोन इंपोर्ट पर 100% तक टैरिफ लगाया, राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया, चीनी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान।

### पहली बार जनगणना में जाति पूछी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जनगणना-2027 के लिए 40 सवालों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें लोगों से एससी, एसटी या अन्य जाति के बारे में पूछा जाएगा। आजादी के बाद यह पहली बार होगा जब सभी समुदायों की जाति की जानकारी जनगणना में दर्ज की जाएगी। इससे पहले 2011 की जनगणना के फॉर्म में 29 सवाल थे। इसमें जाति से जुड़ी जानकारी के लिए सिर्फ एससी/एसटी का विकल्प था।

### आरोपी पूर्व टीएमसी विधायक पर हमला

एजेंसी ▶▶ परगना

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में गिरफ्तार पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष पर भीड़ ने हमला किया। पुलिस उन्हें नॉर्थ 24 परगना जिले के खरदह थाने से बैरकपुर कोर्ट ले जा रही थी। इसी दौरान भीड़ ने उन्हें घेरकर लात-घूंसों से पीटा। लोगों ने जूते-चप्पल, अंडे और कीचड़ भी फेंका।



# स्वतंत्रता दिवस की जन जन को हार्दिक शुभकामनाएं

































सब पे नज़र, सबकी ख़बर
# दैनिक अवन्तिका
उज्जैन | शनिवार, 15 अगस्त, 2026 | www.awantika.com










## न्यूज कालम



## आलीराजपुर नगर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा,बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

**आलीराजपुर।** 13 अगस्त को आलीराजपुर नगर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा,नगर मंडल मीडिया प्रभारी चिराग थेपड़िया ने बताया कि देश के 80वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर के चलते संपूर्ण देश में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के आलीराजपुर जिले के नगर मंडल में भाजपा ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया,यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर (बस स्टैंड) से प्रारंभ होकर नगर के एमजी रोड,नीमचौक, पोस्ट ऑफिस,झंडा चोक, होते हुए रामदेव पहुंची। यात्रा में जिलाअध्यक्ष संतोष मकु परवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह, जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, विधायक प्रतिनिधि दिलीप चौहान, गोविंदा गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व बड़ी संख्या में नगर की जनता हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए,यात्रा में देश भक्ति के गाने व भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे जयकारों से यात्रा में अलग ही जोश दिखा, आभार नगर मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी ने माना।

## जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**अलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में आज दिनांक 14 अगस्त को महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मनोरमा सिसोदिया व उनके स्टाफ द्वारा "जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद" कार्यक्रम का आयोजन शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलीराजपुर में किया गया कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को शामिल कर साइबर अपराधों से सुरक्षा, महिला सुरक्षा, बेहतर भविष्य का निर्माण, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, सशक्त युवा, सुरक्षित व सशक्त समाज के बारे में जानकारी दी तथा छात्रों को आत्मनिर्भर बनने व कानून के प्रति सजग व जागरूक रहने की जानकारी दी। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र मंडलोई द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो से संकट की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया।कार्यक्रम में महिला थाना का स्टाफ , स्कूल के प्राचार्य दिग्विजय कनेश ,शिक्षक दिनेश चौकसिया ,अरविंद राजपूत उपस्थित रहे। बाद कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम व महिला थाने का भ्रमण कराया जिसमें उप निरीक्षक ज्योति डामोर द्वारा सीसीटीवी कैमरा व कंट्रोल रूम से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई ।

## बांगरदा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा गांव



**सनावद।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा सनावद ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम बांगरदा में भव्य पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा थामे बड़ी संख्या में विद्यार्थी, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारत माता के जयकारों और देशभक्ति नारों से पूरा गांव गूंज उठा। यात्रा में विधायक प्रतिनिधि महावीर बिरला, यात्रा प्रभारी दिलीप पटेल एवं मंडल अध्यक्ष इंजी. सोहन यादव सहित खुमान सिंह तोमर, मंगल सिंह पंवार, लखन बिरला, राजेश पटेल, ललित मालाकार, रूपेश चौहान, गणेश कर्मा, राम मुकाती सहित विद्यार्थी, स्कूल स्टाफ, पुलिसकर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गांव के विभिन्न मार्गों से निकली तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता के जयघोष से बांगरदा पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। ग्रामीणों ने भी उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। यात्रा का ग्राम भ्रमण के बाद भारत माता मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। यहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए तथा देश की एकता, अखंडता और समृद्धि की कामना की गई।

## आज शान से लहरायेगा तिरंगा, मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**खरगोन।** देश की आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस समूचे जिले में हर्षोल्लास और उत्साह-उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह डीआरपी लाईन मैदान पर होगा, जहां 9 बजे बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर गुरु प्रसाद ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद परेड एवं हर्षफायर होगा। मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कार्यालय, न्यायालय परिसर, जिला सहकारी केंद्रिय बैंक, भाजपा कार्यालय, कांग्रेस कार्यालय सहित अन्य शासकिय, अशासकिय कार्यालयों पर भी अलग. अलग समय पर ध्वजारोहण किए जाएंगे। राष्ट्रीय पर्व को लेकर उत्सवी माहौल बना हुआ है।

## हरसूद में विधिक साक्षरता शिविर

**खंडवा/हरसूद।** शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। व्यवहार न्यायाधीश राकेश भिड़े ने विद्यार्थियों को संविधान, अधिकार-कर्तव्यों, यातायात नियमों नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत

# विधायक के नेतृत्व में भव्य बाईक रैली निकली

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडलेश्वर नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। हाथों में तिरंगा और दिल में राष्ट्रभक्ति का जज्बा लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाली।

रैली के दौरान पूरा शहर तिरंगामय नजर आया और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। दोपहर करीब 2 बजे भाजपा कार्यकर्ता नर्मदा तट पर एकत्रित हुए। यहां से विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बाइक पर सवार हुए और देशभक्ति के उत्साह के साथ रैली के रूप में रवाना हुए। बड़ी संख्या में शामिल कार्यकताओं और युवाओं ने तिरंगे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया।

बाइक रैली स्कूल ग्राउंड, बस स्टैंड, पुलिस चौकी, एमजी रोड, घंटाघर, केवट मोहल्ला, जेल रोड और कसरावद फाटा होते हुए आंबेडकर चौराहे पहुंची। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगे लहराते बाइक सवारों का काफिला नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। आंबेडकर चौराहे पर बाबा साहब को किया नमनआंबेडकर चौराहे पहुंचने पर विधायक राजकुमार मेव एवं भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संविधान निमार्ता डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश भी दिया गया।

इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ बाइक रैली का समापन हुआ। राष्ट्रगान के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष खड़े होकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया।

**तिरंगे के साथ गूंजे देशभक्ति के जयघोष**

रैली के दौरान मंडलेश्वर की सड़कों पर देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बड़ी संख्या में बाइक पर सवार कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। भारत माता की जय, वंदे मातरम और देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। दिनभर नगर में जगह-जगह तिरंगे लहराते नजर आए। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करता है।

## बिना सुरक्षा उपकरण पोल पर चढ़ाया, सफाईकर्मी को लगा करंट

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर

नेपानगर के नगर पालिका की लापरवाही एक बार फिर सामने आई। नेपानगर में शुक्रवार दोपहर बिजली लाइन सुधारने के काम में लगे सफाईकर्मी को बिना सुरक्षा उपकरण के पोल पर चढ़ा दिया गया। करंट लगने से कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। समय पर हाथ छूट जाने से उसकी जान बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और कर्मचारी समाज में भारी आक्रोश है। लोगों ने अस्पताल पहुंचकर नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 20 में आंगनवाड़ी के पास हुई। नगर पालिका सफाईकर्मी *ललित डुलगज (35) बिजली लाइन ठीक करने पोल पर चढ़ा था। इसी दौरान उसे तेज करंट लगा और वह पोल पर लगे झूले में अटक गया। स्थानीय लोगों ने फौरन उसे नीचे उतारा और नेपा लिमिटेड अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बुरहानपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ललित मूल रूप से सफाईकर्मी है, लेकिन नगर पालिका उससे इलेक्ट्रिक हेल्पर और वाहन चालक का काम भी लेती है।

शुक्रवार को भी उसे बिना ट्रेनिंग और बिना सुरक्षा किट के बिजली का काम सौंप दिया गया। समाज का आरोपः "हर साल ठेका होता है, सुरक्षा नहीं मिलती समाजसेवी *निलेश कटारिया ने आरोप लगाया, "नगर पालिका में हर साल ठेका होता है, लेकिन कर्मचारियों को ग्लव्स, बेल्ट जैसी सुरक्षा सामग्री कभी नहीं दी जाती। लिफ्टर मशीन होने के बावजूद उसे हादसे के बाद भेजा गया। अगर अब भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए तो बड़ा आंदोलन होगा।"

## सनावद-ढकलगांव मार्ग पर सड़क के आर-पार झुकी पेड़ों की शाखाएं बनीं हादसे का खतरा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



सनावद-ढकलगांव मार्ग पर फोरलेन ब्रिज के समीप सड़क किनारे लगे पेड़ों की बड़ी-बड़ी शाखाएं सड़क के ऊपर एक ओर से दूसरी ओर तक झुक गई हैं। व्यस्त मार्ग पर लटकती शाखाएं वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बनी हुई हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से लोगों में नाराजगी है।

सनावद-ढकलगांव मार्ग से दो दर्जन से अधिक गांव एवं संपर्क मार्ग जुड़े हुए हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी, मजदूर, दोपहिया वाहन चालक और यात्री वाहन इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क के ऊपर झुकी शाखाओं के कारण विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में तेज हवा चलने के दौरान कमजोर या सूखी शाखाओं के टूटकर सड़क पर गिरने की आशंका बनी रहती है। अचानक शाखा गिरने से वाहन चालक इसकी चपेट में आ सकते हैं और मार्ग पर यातायात भी बाधित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संभावित खतरे को देखते हुए समय रहते शाखाओं की छंटाई किया जाना जरूरी है।ग्राम ढकलगांव के संजय चौधरी, विशाल गढ़ीवाला, समाजसेवी दुलीचंद चौधरी एवं गुरूदयाल सेजगाया ने बताया कि सड़क के ऊपर झुकी शाखाओं के कारण वाहन चालकों में चिंता बनी हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी हादसे का इंतजार किए बिना तत्काल मौके का निरीक्षण कर सड़क के ऊपर झुकी शाखाओं की छंटाई कराई जाए।

स्थानीय लोगों ने मार्ग के आसपास मौजूद कमजोर, सूखे एवं जर्जर पेड़ों की भी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब खतरा स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

## एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

**खंडवा,** । माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में च्च्उल्लास : एक अभिनव प्रयोगज्ज केअंतर्गत न्यायालयीन कर्मचारियों के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारत के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भारतीय संस्कृति एवं विविधता में एकता का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने, नई चीजें सीखने तथा अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में माननीय विशेष न्यायाधीश श्री उत्सव चतुर्वेदी, कुटुम्ब न्यायाधीश श्री योगराज उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## निगम भवन पर महापौर करेंगे ध्वजारोहण

**रतलाम ।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर आज निगम भवन पर प्रातः 7,30 बजे महापौर माननीय प्रहलाद जी पटेल ध्वजारोहण करेंगे। निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना आदि उपस्थित रहेंगे।


स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- नगर में स्वच्छता में सहयोग करें।
- निकाय के कर समय पर जमा करें

रामकरण सगवारिया
अध्यक्ष

कपीलसिंह राजावत
सीएमओ

समस्त पार्षदगण
नगर पंचायत जीरन जिला नीमच


## पुनासा में तिरंगा यात्रा रैली में शामिल हुए सैकड़ों नागरिक

**खंडवा।**:स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज नगर में एक ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इस रैली में नगर के युवाओं, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारी और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यात्रा जय सेवालाला चौराहे से शुभारंभ की गई ।हाथों में सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज थामे सैकड़ों की संख्या में लोग इस यात्रा का हिस्सा बने। रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों से होकर गुजरी। सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन और नगर परिषद की टीमें लगातार मुस्तैद रहीं।युवाओं और बच्चों में दिखा भारी उत्साह रैली में सबसे मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों और युवाओं का जोश रहा। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों और 'वंदे मातरम' तथा 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों ने हर किसी के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत कर दिया। पुनासा नगर परिषद अध्यक्ष रूपेश पवार ने इस मौके पर सभी पुनासा वासियों से 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान मे सहयोग करने की अपील की।

## स्वतंत्रता दिवस पर देहदानी परिवारजनों का होगा सम्मान

**खण्डवा।** देहदान के महत्व व आवश्यकता को देखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा अनुसार गत वर्ष से मृत देह मेडिकल कालेज को दान करने वाले व्यक्ति के घर अंतिम यात्रा के पूर्व गॉड ऑफ ऑनर देने व स्वतंत्रता दिवस के जिले के मुख्य समारोह में जिला प्रशासन द्वारा देहदानी परिवार को सम्मानित करने की घोषणा अनुसार इस वर्ष भी देहदानी परिवाजनों का सम्मान 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पुलिस लाईन ग्राउंड पर मुख्य समारोह में किया जाएगा।नेत्रदान देहदान व अंगदान जनजागृति समिति संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस वर्ष लायन्स, सक्षम, नेत्रदान, देहदान व अंगदान जनजागृति समिति के माध्यम से 6 देह देहदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान प्रदान कर रहे नंदकुमार सिंह चौहान चिकित्सा महाविद्यालय को सौंपी गई।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.:** Leasing RTM-2, **अनुबंध का प्रकार:** Leasing of SLR Compartment, **लॉट नं.:** Train 20957 SLR-R1-INDB-HSR, Train 20932-SLR-R1 INDB-TVCN, Train 19305-SLR-F1-DADN KYQ, Train 20957-SLR-F1-INDB-HSR Train 22911-SLR-F1-INDB-HWH. **अनुबंध की अवधि:** 03 YEARS. ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी **दि 27.08.2026** को 10:00 बजे प्रारंभ होगी प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है अनुक्रमिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

AK/4/1/204

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **क्र.सं.: 1. ऑक्शन केटलॉग सं.:** ADVT-RTM-RDN-22. **अनुबंध प्रकार:** Advertising. **लॉट नं.: ADVT-RTM-UJJN-OSN-171-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital). अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 27.08.2026. **समय:** प्रातः 12:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

AK/4/1/203

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे**

वार्षिक रखरखाव अनुबंध कार्य

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), द्वितीय मंजिल, मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400 008, ई-निविदा संख्या: MMCT-SnT-STTD-25-2026 दिनांक 04/08/2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: मुंबई मंडल: 1) सभी बुकिंग खिड़कियों के सामने एलईडी आधारित डिजिटल डिस्प्ले की व्यवस्था। 2) प्रमुख स्टेशनों के लिए आउटडोर यात्री सूचना डिस्प्ले सिस्टम की व्यवस्था, साथ ही 1 वर्ष की वारंटी के बाद 6 वर्ष का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC)। ₹ कार्य लागत: 14,93,48,893.06 रुपये। बोली ₹ सुरक्षा राशि: 29,87,000 रुपये। ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 25.08.2026, 15:00 बजे तक। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 15:30 बजे। निविदा तिथि 25.08.2026 है। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

0456

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

Sr.CDO/ICD/IND, पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु GeM **निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7906692, दिनांक 12-08-2026 को GeM पर अपलोड की गई है। यह Single Packet Bid** है। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को बंद / अवकाश (BANDH/Holiday घोषित किया जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** कोच केयर कॉम्प्लेक्स, DADN में SSE/C&W/ DADN हेतु 01 नग MUV को 1500 किमी/माह की दर से 24 माह की अवधि हेतु किराये पर लेना (24x 7 आउटस्टेशन सेवा सहित)। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 10,44,000/-. **अर्नेस्ट मनी (EMD):** रु.20,880/-. **कार्य की पूर्णता अवधि:** 2 वर्ष (अर्थात 24 माह)। **कार्यालय का पता जहाँ निविदा खुलेगी:** Sr. CDO (ICD)-IND, कोचिंग डिपो इंदौर, पत्थर गोदाम रोड, इंदौर-452003. **निविदा जमा करने तिथि एवं समय:** 12.09.2026, 11:00:00 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 12.09.2026, 11:30:00 बजे। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट का विवरण:** निविदा दस्तावेज GeM की वेबसाइट GeM वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदाकर्ता द्वारा आवश्यक अन्य जानकारी कार्यालयीन समय के दौरान Sr. CDO (ICD) - IND, कोचिंग डिपो इंदौर से प्राप्त की जा सकती है।

AK/3/1/202

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक S/45/2026 दिनांक 10.08.2026

| एस.एन. | टेंडर नं | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|---|
| 364 | 22261330ए | 1500 एम्पियर क्षमता का सेट | 15 सेट | 17-सितंबर-26 |
| 365 | 07265474 | एसएमपीएस आधारित एकीकृत विद्युत आपूर्ति प्रणाली | 25 सेट | 14-सितंबर-26 |
| 366 | 29265008ए | उच्च श्रेणी का सर्जिकल ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप | 2 हम | 11-सितंबर-26 |
| 367 | 14263971 | बेलनाकार रोलर बियरिंग का सेट NU 2236 और NJ 320 | 547 सेट | 8-सितंबर-26 |
| 368 | 07266000 | आरडीएसओ आईआरएस-एस-93/96 (ए) के अनुसार वीआरएलए वाल्व विनियमित (सीलबंद) लेड एसिड बैटरी के लिए एक वर्ष का अनुबंध, क्षमता-2V 300AH | 7980 हम | 8-सितंबर-26 |
| 369 | 29255003ए | इंट्रा एओर्टिक बैलून पंप मशीन | 2 हम | 7-सितंबर-26 |
| 370 | 22262017 | थर्मोप्लास्टिक पॉलीयुरेथेन स्प्रिंग पैड का सेट (हैप्पी पैड) | 99 सेट | 7-सितंबर-26 |
| 371 | 09265018 | हाइड्रोलिक डैम्पर, पैरेलल गाइड बार, इंसुलेटिंग होज़ पाइप का सेट | 618 नग 241 सेट | 7-सितंबर-26 |

सही करने के लिए

निविदा सूचना संख्या S-34-2026 दिनांक: 30.06.2026 क्रमांक 280 के लिए नियत तिथि "18.08.2026" और मात्रा "198 सेट" के रूप में पढ़ें।

निविदा सूचना संख्या S-39-2026 दिनांक: 17.07.2026 क्रमांक 337 के लिए नियत तिथि "24.08.2026" और मात्रा "102 नग" पढ़ें।

विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद संबंधी प्रतिबंध और निविदा की विस्तृत शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0473

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly • हमें फ़ॉलो करें: X X.xom/WesternRly

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

लोग सिर्फ पथ बनाते हैं हम मंजिल बनाते हैं

सड़क निर्माण में एक ही नाम

**चेतक इंटरप्राइजेस**

यू.बी. इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लिमि.

नीमच-निम्बाहेड़ा

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन

**डोनीपोलो उद्योग प्रा.लि.**

रेल्वे स्लीपर कांक्रीट फेक्ट्री ढाबला रोड, शामगढ़

---- शुभेच्छु -----

*प्रहलाद राय चमड़िया,*
*विनय कुमार चमड़िया*

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जावरा जिला-रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/स्टोर/2026-27/1135 जावरा दिनांक 11.08.2026

### द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों अनुभवी फर्म/एजेंसी को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति जावरा के मंडी प्रांगणों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही कैमरों के रख रखाव मरम्मत एवं स्पेअर पार्टस की ए.एम.सी. (वार्षिक रख रखाव) दी जाना है। इस हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत आनलाईन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम निविदा क्रमांक 2026_MPSAM_556626_1 के अन्तर्गत आनलाईन निविदाएं दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 07.09.2026 को समयं सायं को समय सायं 5.30 बजे तक स्पीट पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय आफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन की ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी। एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल https://www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना के संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। इनका पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति जावरा**
**जिला-रतलाम (म.प्र.)**

**भार साधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति जावरा**
**जिला-रतलाम (म.प्र.)**

## न्यूज -कॉलम

### गिरफ्त में पहलवान बताकर हफ्ता मांगने वाले बदमाश

**उज्जैन।** पांच बदमाशों ने खुद को महिदपुर का दादा-पहलवान बताकर परिवार से कहा था कि महिदपुर में रहना है तो हफ्ता देना होगा। परिवार की महिला ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। 2 फरार है, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 अगस्त को बारा पत्थर क्षेत्र में रहने वाली अफरोजा बी पति अंसार अली 45 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी जाकिर उर्फ पेठा पिता मुख्तियार अली कोठार निवासी महिदपुर, शेहजाद पिता शेर अली निवासी इन्द्रा कालोनी, अनिस पिता सगीर खान बडगाँव, इम्तियाज अली पिता शेर अली और गम्पु पिता शेर अली कोठार महिदपुर ने घर आकर स्वयं को महिदपुर का दादा पहलवान बताकर कहा कि महिदपुर में रहना है तो हफ्ते एक हजार रूपये देना होगें। रुपये देने से मना करने पर गाली-गलौच करते हुये मारपीट की है। मामले में पांचों बदमाशों के खिलाफ धारा 333, 119(1), 118(1), 115(2), 296(बी), 351(3),3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया और तलाश शुरू की गई। गुरूवार रात बदमाशों में शामिल जाकिर उर्फ पेठा, शेहजाद अली और अनिस खान को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों बदमाश आदतन अपराधी है। जिनके खिलाफ पूर्व में कुल मिलाकर 33 अपराध दर्ज है। तीनों के फरार 2 साथियों की तलाश जारी है, जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### दाऊदखेड़ी में अवैध शराब बेचने आया युवक पकड़ाया

**उज्जैन।** दाऊदखेडी क्षेत्र में आरटीओ के पास दीवार की आड में अवैध शराब बेचने के लिये खडे युवक की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने घेराबंदी की। युवक ने पुलिस को देख 2 झोले छोडकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पहले से घेराबंदी होने पर युवक भागने में नाकाम रहा और पकडा गया। आरक्षक लोकेश प्रजापति, कमल पटेल, पुष्पराजसिंह विमल के 2 झोले में भरी शराब बरामद कर युवक को थाने लेकर आये। जहां पूछताछ में उसका नाम शक्तिसिंह पिता मांगीलाल सोलंकी 40 वर्ष, निवासी कमला नेहरू नगर नानाखेडा सामने आया। आरक्षक लोकेश प्रजापति ने बताया कि आरोपी से अवैध देशी शराब के 310 क्वार्टर बरामद किये गये है। आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### जंतर-मंतर के पास मिली 5 साल की बालिका

**उज्जैन।** जंतर-मंतर के पास गुरूवार-शुक्रवार रात 5 साल की बालिका के अकेले दिखाई देने की खबर नीलगंगा थाना पुलिस की एफआरवी को मिली तो आरक्षक देवेन्द्र ओझा मौके पर पहुंचे। बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। बालिका ठीक ने परिजनों के संबंध में जानकारी नहीं दे पा रही थी। पुलिस ने कंट्रोलरूम पर सूचना देकर जिले की थाना पुलिस को प्रसारण कराया। कुछ देर बाद पता चला कि बालिका उत्तरप्रदेश के जौनपुर के ग्राम करियाव की रहने वाली है और परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने आई थी। भीड में बिछडने पर परिवार भी उसकी तलाश कर रहा है। नीलगंगा पुलिस ने तत्काल परिजनों से संपर्क किया और परिजनों को थाने बुलाया। पिता रविशंकर हलवाई थाने पहुंचे और बताया कि मंदिर के पास न्यू गुजराती समाज धर्मशाला में ठहरे है। पुत्री दिशी भीड में बिछड गई थी, उसी मंदिर के आसपास तलाश कर रहे थे। बालिका के सकुशल मिलने पर परिवार ने पुलिस का आभार माना।

### बंधक मकान पर कब्जा करने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमल्या में सूर्योदय फायनेंस लिमिटेड द्वारा लोन किश्त जमा नहीं करने पर मकान को कानूनी प्रक्रिया के बाद अपने कब्जे में ले लिया था। लेकिन कुछ माह पहले बैंक बंधक मकान का ताला तोडकर नागूलाल ने कब्जा कर लिया। फायनेंस कंपनी को जानकारी लगी तो बंधक मकान पर कब्जा करने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस ने नागूलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नागूलाल ने कुछ साल पहले मकान पर लोन लिया था। किश्त जमा नहीं करने पर फायनेंस कंपनी ने सामान सहित मकान को अपनी कस्टडी में ले लिया था।

### लॉक तोड़ बदमाशों ने चुराई घर बाहर खडी बाइक

**उज्जैन।** ग्राम मकडावन में रहने वाले भारत पिता लालू चौधरी ने अपनी बाइक क्रमांक एमपी एमपी 13 झेडझेड 1325 घर के बाहर लॉक लगाकर ख?ी की थी। वह 2 दिनों के लिये बाहर चला गया था, वापस लौटने पर बाइक दिखाई नहीं दी। अज्ञात बदमाश लॉक तोडकर बाइक ले गये थे। इंगोरिया थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया और गांव के आसपास तलाश कराई, नहीं मिलने पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 688-2 | 114-6 |
| मेन बाजार | 568-9 | 670-3 |
| कल्याण नाइट | 145-0 | 125-8 |
| मिलन डे | 228-2 | 129-2 |
| मिलन नाइट | 156-2 | 269-7 |
| मधुर डे | 114-6 | 460-0 |
| मधुर नाइट | 179-7 | 259-6 |
| शुभांक | 8 2 | 5 |

### स्टेशनरी संचालक ने बताया था महिला का विदेशी एजेंट....

# यूरोप में नौकरी का झांसा देकर 4 से ठगे 26.27 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

4 माह तक यूरोप में नौकरी दिलाने का झांसा देकर स्टेशनरी संचालक ने 4 लोगों से 27.26 लाख की ठग लिये। उसने महिला मित्र को विदेशी एजेंट बताकर बात भी कराई थी। पुलिस ने लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया है।

चिमनगंज थाना एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि कमल कालोनी में रहने वाले बादल पिता भूपेन्द्र टंकारिया, पवित्र पिता जितेन्द्रसिंह कुशवाह, धीरज पिता शत्रुघनसिंह कुशवाह और जितेन्द्र पिता शत्रुघनसिंह कुशवाह निवासी सांदीपनी नगर ढांचा भवन की शिकायत पर यूरोप में नौकरी दिलाने के नाम पर खंडेलवाल नगर में रहने वाले अमित पिता विजय जैन और उत्तरप्रदेश निवासी फलक निसार हुसैन के



खिलाफ 26.27 लाख की धोखाध?ी करने का प्रकरण धारा 318 (4), 316 (2), 3 (5) में दर्ज किया गया है। बादल टंकारिया ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता है। उसके पिता के परिचित अमित जैन ने बताया था कि उसकी महिला मित्र फलक विदेशी एजेंट है और यूरोप में नौकरी दिलाने का काम करती है। अमित ने उसका वीजा लिया और नौकरी दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रूपये लिये। नौकरी होटल मैनेजमेंट में लगवाने की बात कहीं गई थी और वेतन यूरो में मिलना बताया था। सितंबर 2025 में बात के बाद रूपये दिये गये थे, लेकिन दिसंबर तक नौकरी नहीं दिलवाई। उसने खुद भी यूरोप चलने की बात कहीं थी। महिला मित्र फलक से बात भी कराई थी। जनवरी में अमित जैन लापता हो गया। फलक से बात की गई तो उसने बताया कि अमित ने उसे अब तक पैसे नहीं भेजे है। वीजा जरूर भेजा है जो उसके पास है। वापस चाहिये तो उसके पैसे देना होगें। अमित के लापता होने पर उसके परिजनों से संपर्क किया तो पता चला कि वह काफी समय से बाहर गये हुये है। संपर्क नहीं हो रहा है। उनकी मां बीमार है। अमित की जानकारी जुटाने पर पता चला कि उसने कुशवाह परिवार के तीन सदस्यों से भी नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख लिये है। एसआई राठौर के अनुसार मामले में अमित जैन के परिवार से संपर्क कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। उसके हिरासत में आने पर उसकी महिला मित्र के संबंध में सही जानकारी सामने आ पायेगी।

**कई लोगों से ठग चुका है लाखों रूपये-** बादल टंकारिया ने बताया कि वह 8 माह से शिकायत दर्ज कराने के लिये परेशान हो रहा था, इस दौरान पता चला कि अमित जैन ने जहां नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी की है वहीं स्टेशनरी दुकान के नाम पर भी कई लोगों हजारों रूपये उधार ले चुका था। कई लोग उसकी तलाश कर रहे है। वह कई लोगों के साथ धोखाधडी कर फरार हुआ है। उसके घर वाले भी सही जानकारी नहीं दे रहे है। अमित के हिरासत में आने पर उसकी धोखाधडी का शिकार कई लोग सामने आ सकते है।

### 52 दिन बाद गिरफ्त में आया दुष्कर्म का आरोपी

**उज्जैन।** नाबलिग को अकेला पाकर घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 52 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। घट्टिया तहसील के पानबिहार चौकी स्थित गांव में 22 जून को कुल्फी बेचने आये युवक ने नाबालिग को घर में अकेला देखा तो पानी मांगने के बहाने पहुंचा। 14 वर्षीय बालिका पानी लेने के लिये अंदर गई तो युवक घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर नाबालिग के साथ गलत काम किया। आरोपी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। घटना के समय नाबालिग के परिजन मजदूरी पर गये थे। जिनके लौटने पर मामला सामने आया तो परिजनों ने पानबिहार चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। 52 दिन बाद पता चला कि कुल्फी बेचने वालो आरोपी ग्राम बच्चूखेडा यात्री प्रतिक्षालय के पास के आसपास दिखाई दिया है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर टीम के साथ घेराबंदी के लिये पहुंचे और उसे हिरासत में लिया। आरोपी ग्राम रणाहेडा का रहने वाला राहुल होना सामने आया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### विकास प्राधिकरण की पहली कॉलोनी में प्रवेश करना दुष्कर हुआ

**उज्जैन।** शहर की सबसे पुरानी और व्यवस्थित कॉलोनी ऋषि नगर का मुख्य प्रवेश मार्ग ही बाधाओं के हाल में आ चुका है। हालत यह है कि यहां दिन के पूरे समय ही अस्थायी अतिक्रमण से यह प्रवेश मार्ग बाधाओं से पटा रहता है। प्रवेश के मुहाने पर बाधा होने से देवास रोड तिराहा पर दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। छोटी मोटी दुर्घटना यहां आम हो चुकी है। 1977 में विकास प्राधिकरण की पहली परियोजना के रूप में बसी इस कॉलोनी का मुख्य प्रवेश द्वार ही अतिक्रमण से पट गया है। देवास रोड से ऋषि नगर आने-जाने वाले हजारों रहवासियों को रोज जाम, दुर्घटना और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम और प्राधिकरण की अनदेखी से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। देवास रोड से ऋषि नगर का मुख्य रास्ता वही है जो कॉलोनी की पहचान है। लेकिन यहां अब 3 बड़ी बाधाएं खड़ी हो गई है 1. पेट्रोल पंप की लंबी लाइन विकास प्राधिकरण ने विशाला क्षेत्र के निर्माण के समय कॉर्नर पर व्यावसायिक भूखंड आरक्षित किया था। यहां पेट्रोल पंप बन गया। अब यहां सीएनजी वाहनों की लंबी कतारें कालोनी के प्रवेश मार्ग को ही बाधित कर रहे हैं। कालोनी के रहवासियों के लिए पेट्रोल पंप की सुविधा अब दुविधा में परिवर्तित हो रही है। सीएनजी वाहनों की कतार पेट्रोल पंप संचालक प्रवेश मार्ग एवं सर्विस रोड पर ही करवा रहा है इसकी बजाय पेट्रोल पंप के पीछे के हिस्से में पूरी सडक खाली पडी रहती है।

## गूगल पर होटल का नंबर सर्च करना पड़ा भारी

### प्रापर्टी ब्रोकर्स के साथ 3.48 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होटल में रूम बुक करने के लिये प्रापर्टी ब्रोकर्स ने गूगल पर नम्बर सर्च किया। इंदौर की सियाजी होटल का नम्बर मिलने पर कॉल किया, रूम बुकिंग के नाम पर कॉल रिसिव करने वाले ने क्रेडिट कार्ड के चार अंक मांगे। उसके बाद खाते से 3.48 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। ऑनलाइन शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजनगर में रहने वाले मनीष पिता स्व. प्रकाशचंद्र कोठारी प्रापर्टी ब्रोकर्स है। 2 अगस्त को उन्होने गूगल पर इंदौर में होटल रूम बुक कराने के लिये नम्बर सर्च किया। होटल सियाजी का नम्बर मिलने पर कॉल किया तो बताया गया कि रिशेप्शन पर बात कराई जा रही है। रूम बुक हो जायेगा। रिशेप्शन पर बात के दौरान उनसे ऑनलाइन पेमेंट देने की बात कहीं। मनीष कोठारी ने क्रेडिट कार्ड से बुकिंग चार्ज देने की बात कहीं। उनके से क्रेडिट कार्ड के अंत में दर्ज चार नम्बर मांगे गये। उन्होने नम्बर दिये तो कहा कि ओटीपी आयेगा, उसे बताना होगा। ओटीपी बताते ही मनीष कोठारी के खाते से 2 बार में 1.49 लाख और 1.54 लाख का ट्रांजेक्शन कर लिया गया।

खाते से ऑनलाइन फ्रॉड होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत की गई। जहां से मामला चिमनगंज थाना पुलिस के पास पहुंचने पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

#### कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ठगी

नानाखेडा थाना क्षेत्र के महाकाल वाणिज्य केन्द्र में किराये से रहने वाली ग्वालियर की पूनम पिता गणेशप्रसाद दुबे 24 साल उज्जैन में कृषि विस्तार अधिकारी है। 19 से 27 जुलाई के बीच उनके साथ साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड करते हुये खाते से 3.54 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन कर लिया। उन्होने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामला थाने पहुंचने पर कृषि विस्तार अधिकारी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### डीजे वाहन के पेड़ से टकराने और तेज आवाज के बाद भड़की मधुमक्खियां...

## तिरंगा यात्रा के दौरान मधुमक्खियों का हमला, एक दर्जन भाजपाई घायल

**उज्जैन / देवास।** विजयागंज मंडी क्षेत्र में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने यात्रा में शामिल लोगों पर हमला कर दिया। इससे भगदड जैसी स्थिति निर्मित हो गई। घटनाक्रम की शुरूआत तिरंगा यात्रा में शामिल एक डीजे वाहन के पेड़ से टकराने के उपरांत हुई। पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा था। वाहन के टकराने और डीजे की तेज आवाज के बाद मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने आसपास मौजूद लोगों को जमकर अपना शिकार बनाया है। एक दर्जन भाजपाई मधुमक्खियों के हमले में घायल हुए हैं, इनमें से 4 को जिला अस्पताल देवास में भर्ती किया गया है। अचानक हुए मधुमक्खियों के हमले से तिरंगा यात्रा में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मधुमक्खियों से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आए। हमले में करीब एक दर्जन लोग मधुमक्खियों के डंक से घायल हुए हैं। घायलों में से चार लोगों को उपचार के लिए देवास जिला अस्पताल लाया गया, जबकि अन्य घायलों का विजयागंज मंडी क्षेत्र के आसपास के अस्पतालों में उपचार कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों की मदद की और उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों



की स्थिति खतरे से बाहर हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद देवास विधायक गायत्री राजे पवार के निर्देश पर देवास नगर निगम सभापति रवि जैन, एमआईसी सदस्य गणेश पटेल नवीन सोलंकी, चिंटू रघुवंशी, दुर्गेश अग्रवाल विजय सिंह पवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और अस्पताल प्रबंधन से घायलों को उचित उपचार उपलब्ध कराने की बात कही। मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले के कारण तिरंगा यात्रा कुछ देर के लिए प्रभावित हुई।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रेखाकुंवर पति खुशाल सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरखेड़ा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र) सहमतीकर्ता खुशाल सिंह पिता हरी सिंह निवासी 77 राम मंदिर ग्राम सिकन्दरखेड़ा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे न. 120/4 रकबा 0.13 हेक्टर, सर्वे न. 121/1 रकबा 0.02 हेक्टर, सर्वे न. 127/1/2 रकबा 0.13 हेक्टर, सर्वे न. 127/2 रकबा 0.85 हेक्टर, सर्वे न. 128/2 रकबा 0.07 हेक्टर कुल किता 05 कुल रकबा 1.20 हेक्टर ग्राम सिकन्दरखेड़ा तहसील बडनगर जिला जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति/कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 14/08/2026

**गुलनाज़ मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9907101111**

**जाहिर सूचना दिनांक 4.8.2026 का खंडन /आपत्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है राजएक्सप्रेस मे दिनांक 04/08/2026 का प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन सतीश जॉर्ज पिता श्री सुबेदार द्वारा अपने आपको केनेडियन पादरी मिशन मालवा चर्च काउसिंल मसिह सेवा मंडल का वर्तमान अध्यक्ष बताते है। जिनको संस्था द्वारा मार्डेरियटर बी.आई. सिंह द्वारा दिनांक 25/12/2025 को जाहिर सूचना दी थी। जिसमें हमने स्पष्ट सूचना दे दी गई थी। सतीश जॉर्ज को दिनांक 08/11/2014 को संस्था ने किसी कारणवश सतीश जॉर्ज पिता श्री सुबेदार को संस्था से निष्कासित कर दिया गया है। उक्त जाहिर सूचना दैनिक अवंतिका के माध्यम से सर्व साधारण से सूचित कर दिया गया था। दिनांक 05/09/2025 को भी संस्था के द्वारा एक और जाहिर सूचना दैनिक अवंतिका पेपर में प्रकाशित की गयी थी। जिसमें स्पष्ट किया गया था कि सतीश जॉर्ज पिता श्री सुबेदार संस्था फर्जी है और ना ही उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा है। राजएक्सप्रेस में प्रकाशित जाहिर सूचना में जिस प्रकरण का उल्लेख किया गया है, उसका प्रकरण कमांक आर.सी.एस.ए/556/2025 है। उक्त प्रकरण में हमारी संस्था का कोई हस्तक्षेप नहीं है, ना ही उक्त प्रकरण हमारी संस्था की किसी सदस्य से ताल्लुक रखता है। उक्त प्रकरण में स्वयं सतीश जॉर्ज पिता श्री सुबेदार जॉर्ज प्रतिवादी है। अत: सर्वसाधारण को इस खंडन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इन से किसी प्रकार की प्रॉपर्टी का लेने देन ना करे। जाहिर सूचना का खंडन एवं आपत्ति संस्था की और मॉडरेटर / अध्यक्ष बी आई सी के द्वारा जारी की गई है।

**रीता कटारिया एडवोकेट**
**कार्यालय-कोठी पैलेस, उज्जैन मो. 9826449007**

## मछलियों से हुई टुकडो में मिली लाश की पहचान

**उज्जैन।** पिपलोदा बागला स्टेशन पर बुधवार रात ट्रेन से कटने पर एक युवक की कई टुकडों में लाश जीआरपी ने बरामद की थी। घटनास्थल से 2 मछली मिली थी। मछली मिलने की बात गांव में फैली तो मृतक की पहचान हो गई। मृतक उत्तरप्रदेश का रहने वाला था।

जीआरपी प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा ने बताया कि बुधवार रात को वीरभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से पिपलोदा बागला स्टेशन पर एक युवक की कटने से मौत होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर लाश के कई टुकडे मिले थे, लेकिन पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। शव को चादर में लपेटकर चरक अस्पताल भेजा गया था। पुलिस को घटनास्थल पर जांच के दौरान 2 मछलियां मिली थी, इस बात की खबर गांव में फैली तो सामने आया कि मृतक रामनाथ पिता रवेंद्र सहानी 42 साल हो सकता है, जो मूलरूप से उत्तरप्रदेश के देवरिया का रहने वाला है। कुछ माह पहले वह पिपलोदा बागला में रहने वाली मौसी के आया हुआ था, पुलिस ने मृतक की मौसी के परिवार से संपर्क कर पहचान के लिये बुलाया, जहां मौसेरे भाईयों ने कपडो से उसकी पहचान कर ली। बताया गया कि अमरनाथ शराब पीने का आदी था और मछली पकडने का काम करता था। वह रात में भी नदी, तालाब के किनारे रहता था और मौसी के घर कम आता-जाता था। मछली बेचकर जीवन ज्ञापन कर रहा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा के अनुसार शुक्रवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन चक्रतीर्थ पर कराया गया।

## साडी से छत्तीसगढ़ के मजदूर ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** ईंट भट्टे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ के मजदूर ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लग ली। साडी के फंदे पर उसका शव लटका मिला। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि ग्राम गौंसा मार्ग रंजीत हनुमान मंदिर के पास अशोक प्रजापत के भट्टे पर बन कमरे में मजदूर राजकुमार पिता मंत्रीराम 35 साल का शव साडी के फंदे से लटका हुआ है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और विवेचना शुरू की। भट्टे पर काम करने वाले अन्य मजदूरों ने बताया कि छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और 10-12 दिन पहले ही आया था, उसके कुछ रिश्तेदार भी आसपास के भट्टे पर काम करते है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार सुबह पता चला कि राजकुमार की पत्नी उसे छोडकर चली गई थी, वह अकेला रहता था, संभवत: पत्नी वियोग में उसने आत्मघाती कदम उठाया है। एएसआई कनौजिया के अनुसार फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंपा गया है।

## गरोठ हाईवे पर गाय की मौत के बाद हंगामा

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ हाईवे पर शुक्रवार रात गाय की मौत का मामला सामने आने के बाद हंगामे की स्थित बन गई। पुलिस ने नगर निगम की मदद से गाय को मार्ग से उठाया और पोस्टमार्टम के लिये पशु चिकित्सक की तलाश में घूमती रही। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि रात में गरोठ हाईवे पर विचरण करती गाय का बस ने टक्कर मार दी थी। गाय घायल हो गई थी उसी दौरान तेजगति से निकली 2 कारों ने भी गाय को टक्कर मार दी। जिसके चलते गाय की मौत हो गई। कुछ देर में लोगों की भीड जमा हो गई और हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस टीम गरोठ हाईवे पर पहुंची और पशु चिकित्सक को बुलाने के प्रयास किये गये, काफी देर तक पशु चिकित्सक मौके पर नहीं आये तो मामला फिर से गरमाने लगा। तत्काल नगर निगम का वाहन बुलाया गया और गाय को पोस्टमार्टम के लिये पशु चिकित्सालय के लिये रवाना किया गया। पशु चिकित्सक के नहीं मिलने पर पुलिस एक टीम उनकी तलाश में निकली थी।

## सांझी-मेहंदी महोत्सव मना

**उज्जैन।** अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में चल रहे अलौकिक चातुर्मास के अंतर्गत शुक्रवार को तप उपवास अनुमोदना और नवकार महामंत्र महोत्सव के साथ सांझी मेहंदी उत्सव मनाया गया। परम पूज्या साध्वी श्री प्रणिधीरेखा श्रीजी के 31 उपवास पूर्ण होने पर दोपहर 2 बजे से परमात्मा की संगीतमय भक्ति और सांझी मेहंदी महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसने पूरे प्रांगण को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूज्य साध्वीश्री ने 31 उपवास की महान तप आराधना के कठोर नियम ग्रहण किए।

**अंतिम शव यात्रा**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि अनिल कुमार सोनी, विजय कुमार सोनी के छोटे भाई संजय सोनी के बड़े भाई अंकित, अर्पित, शिवम, सनी के चाचा जी एवं डॉ अंशिता सोनी और डॉ अनन्य सोनी की पिताजी एवं अलका सोनी (एलआईसी) के पति अजय सोनी (एलआईसी) का अकास्मिक निधन दिनांक 14/08/2026 को हो गया है ।


जिनकी शव यात्रा 15/08/2026 को दोपहर 2 बजे उनके निजी निवास (बी-14/2 महानंदा नगर उज्जैन ) से निकलेगी ।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 205/1 रकबा 0.180 हेक्टर स्थित ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन को श्रीमती रामकन्या बाई पति श्री रामसिंह, जाति गारी निवासी ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अत: इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंग। इति दिनांक 14-08-2026 स्थान उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9826534221, 8839920862**

# स्वतंत्रता दिवस पर ईमानदारी से देश सेवा का लेवे संकल्प



15 अगस्त 1947 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। इसी दिन भारत ने लगभग 200 साल की गुलामी के बाद ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाई और भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। आजादी की यह तारीख इस देश को दिलाने के लिए देशवासियों ने बड़ी मेहनत के साथ अपनी कुबार्नी देकर हमें स्वतंत्रता दिलवाई इस दिन को हम उन शहीदों को याद करके और स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए संकल्प लेकर इस स्वतंत्रता दिवस को मनाये।

इस दिन की सुबह दिल्ली के लाल किले पर प्रधानमंत्री द्वारा तिरंगा फहराया जाता है। 21 तोपों की सलामी, राष्ट्रगान और रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे देश में देशभक्ति का माहौल बना देते हैं। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में भी झंडा फहराया जाता है और बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए जाते हैं। तिरंगे के तीन रंग – केसरिया, सफेद और हरा – हमें त्याग, शांति और समृद्धि का संदेश देते हैं। बीच में बना अशोक चक्र हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली। महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद जैसे हजारों क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके संघर्ष और त्याग के कारण ही आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं।

लेकिन स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ जश्न मनाना नहीं है। इसका असली अर्थ है जिम्मेदारी। आजादी के 78 साल बाद भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है – विज्ञान, खेल, तकनीक, रक्षा और अर्थव्यवस्था में। फिर भी हमारे सामने गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और पर्यावरण जैसी चुनौतियां हैं। एक सच्चा नागरिक वही है जो अपने कर्तव्यों को निभाए, देश की एकता बनाए रखे और देश को आगे ले जाने में योगदान दे। पेड़ लगाना, स्वच्छता रखना, मेहनत से पढ़ना और ईमानदारी से काम करना भी देश सेवा ही है।

आइए इस स्वतंत्रता दिवस पर हम शहीदों को याद करें और संकल्प लें कि हम अपने शहर के साथ देश को और मजबूत, स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाएंगे। इसके लिए हम स्वयं प्रयास करेंगे एवं इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करेंगे यह संकल्प लेकर हम आजादी कि यह सालगिरह सही मायोनो में बना सकेंगे।



## सम्पादकीय

# संसद सत्र से निराशा

भारतीय संसद के 25 दिवसीय मानसून सत्र का तीखी बहस और निराशा के साथ समापन हो गया। संसद में जो हुआ है, उसकी चर्चा देश में हो रही है और जरूर होनी चाहिए। बड़े अफसोस की बात है, मानसून सत्र के दौरान लगभग हर दिन ही कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा में तो एक भी दिन प्रश्नकाल पूरा नहीं हो पाया। प्रश्नकाल का न होना, सबसे त्रासद है। लोकसभा की उत्पादकता जहां बमुश्किल 19 प्रतिशत, तो राज्यसभा की उत्पादकता 39 प्रतिशत रही है। लोकसभा में केवल 28 जुलाई को ठीक-ठाक काम हुआ है, इसके अलावा बाकी दिन जो भी हुआ, उसकी केवल निंदा ही हो सकती है। राज्यसभा में अपेक्षाकृत कुछ ठीक स्थिति रही। वहां 30 जुलाई सहित कुल चार दिन ठीक काम हुआ है। सबसे बड़ी चिंता हंगामे की है, लेकिन ज्यादातर राजनीतिक दलों में इसकी कोई चिंता नहीं है। लोकतंत्र में यह अलोकतांत्रिक परिपाटी बनती जा रही है। हंगामा जब होता है, तब उसके पीछे सिर्फ राजनीति होती है। संसद के कामकाज में बाधा डालने से देश को फायदा होता है या नुकसान, यह बताने की जरूरत नहीं है। हंगामे की भी सीमा होती है, पर इस सीमा का इस बार खुलकर उल्लंघन हुआ है।

कुछ और भी चिंताजनक घटनाएं हुई हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्र के समापन की घोषणा करते हुए पारंपरिक समापन भाषण नहीं दिया है। ध्यान रहे, इस भाषण में सत्र की उत्पादकता पर प्रकाश डाला जाता है। इसके अलावा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के साथ होने वाली चाय पार्टी का भी बहिष्कार किया है। यह इस बात का प्रमाण है कि संसद में काम करने की इच्छा भी प्रभावित हुई है और नेताओं के बीच परस्पर कटुता में भी इजाफा हुआ है। साल 2026 के इस मानसून सत्र को चार खास मुद्दों के लिए याद किया जाएगा। नीट-यूजी पेपर लीक, जंतर मंतर छात्र आंदोलन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और राम मंदिर में दान चोरी। जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई पर विपक्ष एकजुट होकर केंद्रीय गृह मंत्री से जवाब मांग रहा था और सत्र के आखिरी दिनों में वह जवाब देने को तैयार हुए, तब विपक्ष ने उनका भाषण सुनने से इनकार कर दिया।

## हर घर तिरंगा अभियान

# तिरंगा हर घर तक पहुँचे, वंदे मातरम हर हृदय में गूँजे

राष्ट्रीय ध्वज किसी राष्ट्र की पहचान भर नहीं होता, वह उसकी सामूहिक चेतना, इतिहास और स्वाभिमान का प्रतीक होता है। भारत का तिरंगा भी हमारे लिए केवल तीन रंगों और अशोक चक्र से निर्मित ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के संघर्ष, असंख्य बलिदानों और एक बेहतर राष्ट्र के सपने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागी बनने का आह्वान किया है। इस वर्ष इस अभियान का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि यह वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर से भी जुड़ा है। दरअसल, तिरंगा फहराने का अवसर केवल उत्सव का अवसर नहीं है। यह आत्ममंथन का भी समय है कि जिस स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमें गर्व है, उसके प्रति हमारी जिम्मेदारियाँ क्या हैं। तिरंगा हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है।



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

हर घर तिरंगा अभियान ने राष्ट्रीय ध्वज को सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक समारोहों की सीमाओं से निकालकर आम नागरिक के घर तक पहुँचाया है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान इसकी व्यापक जनभागीदारी ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रभावना भारतीय समाज की गहरी संवेदना है। घरों की छतों पर लहराते तिरंगे, सड़कों पर निकलती तिरंगा यात्राएँ, विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम और युवाओं की सक्रिय भागीदारी—इन सबने राष्ट्रीय पर्वों को एक व्यापक जनउत्सव का रूप दिया। लेकिन किसी अभियान की सफलता केवल उसकी दृश्य भव्यता से नहीं आँकी जानी चाहिए। सवाल यह है कि तिरंगा उतर जाने के बाद उसकी भावना हमारे भीतर कितनी देर तक रहती है? यदि तिरंगा लगाने के बाद हम सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाते हैं, नियमों की अनदेखी करते हैं, भ्रष्टाचार को स्वीकार करते हैं या अपने सामाजिक दायित्वों से मुँह मोड़ लेते हैं, तो राष्ट्रप्रेम अधूरा रह जाता है। तिरंगे का वास्तविक सम्मान हमारे व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। विद्यार्थी ईमानदारी से पढ़े, युवा अपने कौशल का विकास करे, किसान मेहनत से उत्पादन बढ़ाए, व्यापारी नैतिकता से व्यवसाय करे, कर्मचारी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करे और नागरिक कानून का सम्मान करे-यही राष्ट्रध्वज के प्रति सच्ची श्रद्धा है। इसी संदर्भ में हर घर तिरंगा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक रूप से शक्तिशाली भारत नहीं है। विकास का वास्तविक अर्थ तब है, जब शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो, स्वास्थ्य सुविधाएँ हर व्यक्ति तक पहुँचें, युवाओं को रोजगार और कौशल के अवसर मिलें, किसान सशक्त हों, महिलाएँ सुरक्षित और आत्मनिर्भर हों तथा पर्यावरण संरक्षण विकास की प्राथमिकताओं में शामिल हो।

भारत ने पिछले वर्षों में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटल तकनीक से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक और खेलों से लेकर आधारभूत संरचना तक देश ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। लेकिन विकास की यात्रा अभी अधूरी है। गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने हैं। इनका समाधान केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकता। लोकतंत्र में राष्ट्र निर्माण सरकार और नागरिक—दोनों की साझी जिम्मेदारी है। इसीलिए तिरंगा फहराते समय प्रत्येक नागरिक को अपने स्तर पर एक संकल्प भी लेना चाहिए। कोई विद्यार्थी बेहतर शिक्षा का संकल्प ले, कोई युवा रोजगार पाने के साथ दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में सोचे, कोई व्यापारी ईमानदार व्यापार का संकल्प ले और कोई नागरिक स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। ऐसे करोड़ों छोटे संकल्प ही बड़े राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव बनते हैं।

इस वर्ष हर घर तिरंगा का वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने से जुड़ना भी ऐतिहासिक अवसर है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् स्वतंत्रता-संग्राम के दौरान राष्ट्रजागरण का शक्तिशाली स्वर बना। यह गीत उस दौर के संघर्ष, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। आज स्वतंत्र भारत में इसकी स्मृति हमें यह प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करती है कि क्या हम अपने देश को वैसा बनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं, जैसा स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वप्न देखा था। वंदे मातरम् की भावना केवल अतीत की स्मृति में नहीं, वर्तमान की जिम्मेदारी में भी निहित है। भारतभूमि को सुजलाम् सुफलाम बनाए रखना केवल गीत की पंक्तियों को दोहराने से संभव नहीं होगा। इसके लिए जल संरक्षण, पर्यावरण रक्षा, कृषि की मजबूती और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता होगी। राष्ट्रगीत की भावना को जीवन में उतारना ही उसकी वास्तविक वंदना है।

इस अभियान में युवा वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए वे राष्ट्रभावना का संदेश व्यापक स्तर पर पहुँचा सकते हैं। विद्यालय और महाविद्यालय तिरंगा यात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताओं और सामूहिक गायन के माध्यम से नई पीढ़ी को इतिहास और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ सकते हैं। परंतु युवाओं को यह समझना होगा कि देशभक्ति केवल सोशल मीडिया पर तिरंगे की तस्वीर लगाने तक सीमित नहीं है। अपने काम में उत्कृष्टता, कानून का सम्मान, भ्रष्टाचार का विरोध और समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता भी देशभक्ति है। परिवार और समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। बच्चे तिरंगे का अर्थ केवल किताब से नहीं, परिवार के व्यवहार से सीखते हैं। बुजुर्ग स्वतंत्रता-संग्राम की कहानियाँ सुनाएँ, माता-पिता राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करें और समाज सामूहिक आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करे—तो राष्ट्रभावना पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ सकती है।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। भाषा, धर्म, जाति, क्षेत्र और संस्कृति की विविधताओं के बावजूद तिरंगा हम सबकी साझा पहचान है। वह हमें याद दिलाता है कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्र एक है। इसलिए तिरंगे को राजनीतिक या सामाजिक विभाजन से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही, तिरंगे के प्रति सम्मान का अर्थ उसके साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करना भी है। ध्वज संहिता के नियमों का पालन, ध्वज की स्वच्छता और उचित सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अभियान की सफलता तभी होगी जब उत्सव के साथ अनुशासन भी जुड़ा हो।

## आजादी मिली थी, गुलामी हमने खुद चुन

कमाल की आजादी है हमारी! अंग्रेजों को भगाने के बाद हमने गुलामी के इतने नए दरवाजे खोल लिए कि अब किसी विदेशी हुकूमत को मेहनत करने की जरूरत ही नहीं। 15 अगस्त को ध्वजारोहण होगा। राष्ट्रगान बजेगा। भाषणों में शहीदों का जिक्र होगा। तालियाँ पड़ेंगी। तस्वीरें खिंचेंगी। और फिर हम उसी दिन वापस अपनी-अपनी गुलामियों की ड्यूटी पर लौट जाएँगे। कोई मोबाइल का गुलाम है, कोई सोशल मीडिया का; किसी की खुशी लाइक से, तो किसी की हैसियत फॉलोअर से तय होती है। कोई ट्रेंड के पीछे भागता है, कोई भीड़ के साथ, क्योंकि अपनी राय बनाने से आसान है दूसरों की नकल करना। कोई बाजार का गुलाम है—जरूरत हो या न हो, विज्ञापन कहेगा तो खरीदेंगे। कोई ब्रांड का, कोई दिखावे का, कोई किस्त और कर्ज का। जेब खाली हो सकती है, खरीदारी नहीं; घर छोटा हो सकता है, ईएमआई बड़ी होनी चाहिए।

कोई नौकरी और पद का गुलाम है, कोई पैसे का कोई समाज क्या कहेगा का, तो कोई रिश्तेदारों की राय का। बच्चे अंकों के गुलाम हैं, युवा प्रतियोगिता और नौकरी की दौड़ के, और बड़े-बुजुर्ग अपनों के समय को तरस रहे हैं। लेकिन सबसे खतरनाक गुलामी जाति, धर्म और राजनीति की है। हम इतने आजाद हैं कि अपने नेता की गलती को भी सही साबित करने में पूरी ताकत लगा देते हैं। सवाल पूछना देशद्रोह लगता है और आंख बंद कर-के समर्थन करना देशभक्ति।

अंग्रेजों की गुलामी में बेड़ियाँ हाथों में थीं, इसलिए गुलामी साफ दिखाई देती थी। हमारी गुलामी का अंदाज देखिए—जंजीरें भी अपनी, ताले भी अपने और चाबी भी अपनी फिर भी हम इसे पसंद, सुविधा और आजादी कहकर गर्व से ढो रहे हैं। इस 15 अगस्त ध्वजारोहण कीजिए, तिरंगे को सलाम कीजिए, मगर एक सवाल खुद से भी कीजिए—अंग्रेज 1947 में चले गए, अब हमारी चुनी हुई गुलामियाँ कब जाएँगी?

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 15 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:07 सूर्यास्त 18:55
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - तृतीया 17:29 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 03:25 उपरांत हस्त
योग - शिव 07:09 उपरांत सिद्ध 05:21 उपरांत साध्य
करण - गर
चन्द्रमा - सिंह में है। 09:34 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-रवि उलावल मास 01 तारिख

**मेष-** आज कार्यक्षेत्र में योजनाएं सफल होंगी। कारोबारी हैं तो आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृषभ-** प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। दिनभर स्फूर्ति बनी रहेगी।

**मिथुन-** नौकरी-पेशा हैं तो पराक्रम से सभी बाधाएं दूर होंगी। व्यावसायिक सौदों के दौरान संयम रखें।

**कर्क-** रिश्तों में संवादहीनता न आने दें। शॉपिंग में अत्यधिक खर्च से बचें। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

**सिंह-** नेतृत्व क्षमता का विकास होगा और काम का दबाव बढ़ेगा।

**कन्या-** आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं। आंखों में जलन, थकान या सिरदर्द हो सकता है।

**तुला-** कार्यस्थल पर भाग्य का साथ मिलेगा। इच्छाओं की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य बेहतरीन रहेगा।

**वृश्चिक-** साझेदारी के व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। रोमांटिक लाइफ बहुत शानदार रहेगी।

**धनु-** कार्यस्थल पर किस्मत का भरपूर सहारा मिलेगा। बाहर के खाने-पीने में एहतियात बरतें।

**मकर-** कारोबारी, पढ़ाई और ट्रेनिंग से जुड़े लोगों के लिए अच्छा समय है। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी।

**कुंभ-** पार्टनर के साथ धार्मिक गतिविधियों में समय बीतेगा। धन का प्रवाह अच्छा रहेगा।

**मीन-** कारोबारी हैं तो प्रतिस्पर्धियों की योजनाएं असफल होंगी। पार्टनर के साथ अच्छा समय बीतेगा।

## कविता

### जय हो भारत माता की

मन में भारत भूमि हो, मुख में पवन गंगा हो, जब मैं मरूं तो मेरे तन पर, लिपटा हुआ तिरंगा हो।
जन्म लिया है इस पर मैंने,मेरे जन्मदाता की, मेरी जीवन यात्रा में, जय हो भारत माता की।
जय हो जय हो जय हो जय हो भारत माता की।
जहां-जहां भी जाऊं महिमा भारत वर्ष की गाऊँ।
भारत मां की सौरभ सारी दुनिया में फैलाऊं।
वैभवशाली गौरवशाली भारत भाग्य विधाता की।
मेरी जीवन यात्रा में, जय हो भारत माता की।
आती-जाती सांसें मेरी, जय हिंद जय हिंद गाए।
देशभक्ति का जज्बा मन से दूर कभी न जाए।
सबको गोद में लेने वाली अपनी धरती माता की।
मेरी जीवन यात्रा में, जय हो भारत माता की।
अंतिम पलक मिला हूं जब मैं,
अंतिम गाथा गाऊँ जब मैं,
दिल का दीप बुझाऊं जब मैं,
मौत के मुंह में जाऊं जब मैं।
धुन गंजे मेरे मन में केवल, मुदमय मंगल दाटा की।
मेरी जीवन यात्रा में, जय हो भारत माता की।



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

### तिरंगा प्यारा-प्यारा

तिरंगा प्यारा-प्यारा है, भारत देश हमारा है।
केसरिया देता बलिदान, सफेद सिखाता शांति महान।
हरा रंग खुशहाली लाए, नीला चक्र आगे बढ़ाए।
पंद्रह अगस्त का दिन है न्यारा, आजादी का पर्व है प्यारा।
वीरों ने जो बलिदान दिया, हमने स्वतंत्र आसमान लिया।
मिल-जुलकर हम आगे बढ़ेंगे, भारत का सम्मान बढ़ाएँगे।
पढ़-लिखकर बनेंगे होशियार, देश बनाएँगे सुंदर-शानदार।
न ऊँच-नीच, न कोई भेद, सबके मन में प्रेम का मेल।
भारत माँ की जय-जयकार, तिरंगा रहे सदा ऊँचा-ऊँचा अपार!

### स्वतंत्रता दिवस महान

आओ बच्चों, आज मनाएँ,
आजादी का पर्व महान।
फहराएँ हम प्यारा तिरंगा,
गूँजे भारत का जयगान।
वीरों ने सपने सँजोए थे,
भारत हो स्वतंत्र महान।
हँसते-हँसते देश के खातिर,
कर डाला अपना बलिदान।
केसरिया हमको सिखलाए,
साहस, त्याग और बलिदान।
श्वेत रंग कहता है सबसे,
रखना मन में सदा समान।
हरा रंग खुशहाली लाए,
धरती का बढ़ता सम्मान।
नीला चक्र हमें समझाए,
चलते रहना बनकर गतिमान।
नन्हे हाथों में किताबें हों,
आँखों में हों नए अरमान।
मेहनत, सच्चाई और एकता से,
हम ऊँचा करें हिंदुस्तान।



गोपाल कौशल
(दैनिक अवन्तिका)

# स्वतंत्रता दिवस विशेष : तिरंगा और राष्ट्रगान

राष्ट्रीय पर्व पर झंडावंदन की गौरवशाली परंपरा को, आदर्श ध्वज संहिता 2002 लागू होने से नए आयाम मिले। तत्कालीन सांसद नवीन जिंदल के अभिनव प्रयास सफल रहे और इसके मायने देशहित में यह हुए की बच्चे, वृद्धजन, निशक्तजन, महिलाएं जो अनन्य कारणों से स्टेडियम अथवा शासन,प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले झंडावंदन में शामिल नहीं हो पाते थे, वे स्वयं के निवास ,कार्यस्थल , छत पर नियमानुसार झंडावंदन करने हेतु स्वतंत्र हुए । जिस तरह की नियामवली है उसका परिपालन अवश्य होना चाहिए। सूर्योदय के बाद झंडावंदन बिगुल या वाद्ययंत्र के साथ होना,सूर्यास्त के पूर्व ससम्मान वापस उतारना, झंडा मेला ,कटा फटा ना हो और किसी भी रूप में झंडे का अपमान न हो , इन्हीं बातो का विशेष ध्यान रखना चाहिए । शासकीय कार्यालयों और सरकारी प्रतिष्ठान में झंडे को किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति के अवसान और राष्ट्रीय ,राजकीय शोक की घोषणा में नियत दिवस के लिए आधे झुका दिए जाते है । झंडा रात में नहीं फहराना चाहिए ।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

तिरंगे के आकार तीनों रंगो की व्याख्या व तिलियो का विस्तृत विवरण अनेकों बार लिखा जा चुका है । आकार में 3:2 याने लंबाई 3 मीटर तो चौड़ाई 2 मीटर रहती है। सफेद फलक स्थान पर 24 तिलियो वाला नीला चक्र रहता है । सामान्यतः झंडा खादी का होना चाहिए ।अब तक भारत पाक की सीमा पर अटारी ,कर्नाटक के बेलगाम और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सबसे ऊंचे तिरंगे फहराए गए । विगत वर्षो में देश के चुनिंदा सौ शहरों के रेलवे स्टेशनों पर भी वृहद तिरंगे पूरे वर्ष भर सहज लहराते दिखाई पड़ते है। आदर्श ध्वज संहिता 2002 के पूर्व तिरंगे की अवमानना के अनेक मामले न्यायालय में लंबित है। उल्टा झंडा फहराने, रात में झण्डा नहीं उतारने और कटा , फटा झंडा फहराने पर ये मामले दर्ज हुए जिनमें पूर्व मंत्री,विधायक , उच्च अधिकारी भी शामिल है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा ही हुआ है जो झंडे पर भी लागू होता है ।

गौरतलब है की आदर्श ध्वज संहिता के परिपालन में स्व. आर सी तिवारी वरिष्ठ कृषि पत्रकार ,साहित्यकार व सह संचालक कृषि ने सर्वप्रथम अभियान से जुड़कर निवास की छत पर झंडावंदन की गौरवशाली परंपरा की शुरूआत की जो अब भी अविरत जारी है । बच्चे वाद्य यंत्र के साथ राष्ट्रगान में शामिल होकर सफाईकर्मी, आस पड़ोस में मिठाई वितरण करते है ।

तिरंगा देश की एकता ,अखंडता , खुशहाली व विकास का प्रतीक है ,हम सभी का गौरव है।

### राष्ट्रगान का पुनरावलोकन

जनगणमन को देश का राष्ट्रगान घोषित किया गया और संविधान सभा ने इसी दिन भारत के पहले राष्ट्रपति को नामांकित किया । इससे पहले साहित्य की नोबेल पुरस्कार प्राप्त कृति गीतांजलि में कवि व साहित्यकार रबीन्द्रनाथ टैगोर ने आजादी के पूर्व इसे रचा व 27 दिसंबर 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में पहली बार इसे गाया गया।

हमने अक्सर टेलीविजन पर अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता ,स्पर्धा समापन,पदक वितरण व क्रिकेट मैच के पूर्व राष्टगान को स्टेडियम में खिलाड़ियों के मुखारविंद से सुना है ।ये एक देशभक्ति का संदेश व उत्प्रेरक रूप में खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा का संचार करता है और वे देश के लिए जीतने का जज्बा लिए कटिबद्ध होकर खेलते है । राष्ट्रगान के लिए कोई संकोच या हिचक नहीं होना चाहिए ,भले ही आप सुर में ना हो,भावना होनी चाहिए । उदाहरण के रूप भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एम एस धोनी विराट कोहली हमेशा मैच के दौरान होने वाले राष्ट्रगान को जरूर गाते है, उल्लेखनीय है धोनी भारतीय प्रादेशिक सेना में पैराशूट रेजिमेंट से मानद रैंक लेफ्टिनेंट कर्नल है ।

## 15 अगस्त पर विशेष

# अलग और खास है इस बार का स्वतंत्रता दिवस

इस बार का स्वतंत्रता दिवस पिछले 78 स्वतंत्रता दिवसों से अलग और खास दिखाई दे रहा है। पिछले दो महीने में घटी घटनाओं ने देश के राजनीतिक हलकों में जो उथल-पुथल मचाई है वह कोई सामान्य नहीं है। सीधी सपाट राजनीति से अलग सत्ता की सीढ़िया से राजनीतिक पार्टियों को उतारने और स्वयं चढ़ने की रस्साकसी अपने चरम पर है। अचानक प्रासंगिक बना युवा वर्ग खुद अचंभित है कि वह हाल के दिनों में पक्ष और विपक्ष दोनों का सिरमौर कैसे बन गया। देश भर में जेन जी की चर्चा और जेन अल्फा के भविष्य की चिंता राजनीतिक पार्टियों के लिए खास हो गई। यूं तो भारत दुनिया का वह देश है जहां आज की स्थिति में युवाओं की जनसंख्या सर्वाधिक है लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि इस आबादी का एक बड़ा हिस्सा निरुत्साहित है। बेरोजगारी और भविष्य की चिंता से उसका वर्तमान कराह रहा है। एक सच्चाई यह भी है कि युवाओं का एक हिस्सा वह भी है जिसके योगदान से भारत ने कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। आज क्या जमीन और क्या आसमान हर किसी क्षेत्र में युवा वर्ग ने परचम लहराया है। सुयोग्य युवा वर्ग ने स्टार्टअप योजनाओं को नए आयाम दिए हैं। यही नहीं डिजिटल क्षेत्र में उसकी उपलब्धियां ने भारत के गौरव को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। स्वरोजगार की दिशा में प्रयत्नशील युवाओं ने अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा है। आज का भारतीय उद्यमशील युवा सरकार की तरफ याचक बनकर नहीं देख रहा बल्कि अपने विजन से स्वयं और भारत की प्रगति में योगदान कर रहा है। हालांकि ऐसे युवाओं का प्रतिशत कम है किंतु यह दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत तो है ही। यहां यह भी विशेष उल्लेखनीय है कि पिछले 12 सालों में मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर जनरेट किए हैं। सरकारी योजनाओं में रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं जिसका लाभ योग्य युवाओं को मिल रहा है। देश की जनसंख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा युवाओं का है जो भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक तथा राजनीतिक दिशा को तय करता है। तब यह तबका देश की राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय न हो ऐसा संभव नहीं है। यह भी एक सच्चाई है कि सक्षम और कुशल युवा अपने मिशन में निरत रहकर देश के विकास में योगदान कर रहा है तो वहीं बेरोजगार और कुंठाग्रस्त युवा स्वार्थी राजनीतिक पार्टियों के आह्वान पर मोहरा बनकर जंतर मंतर पर अपने कंधे को इस्तेमाल करने के लिए विपक्ष को सौंप रहा है। पिछले महीने कॉकरोच जनता पार्टी के युवाओं का जंतर मंतर पर जमावड़ा उस कुंठा ग्रस्त मानसिकता वाले युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करता दिखा जिसका मकसद न तो बेरोजगारी पर सरकार को घेरना था और ना युवाओं के लिए अधिक सहूलियतें मांगना था। यह था तो केवल और केवल विपक्षी विपक्षी नेताओं और अंतरराष्ट्रीय साजिश कताओं के इशारे पर सत्ताधारी दल को अपदस्थ करने की असफल कोशिश का था। नीट परीक्षा में हुई अनियमितता और पेपर लीक तो बहाना था असली मकसद एक जन समर्थन से चुनी हुई सरकार को न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करना था।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

आज देश का विपक्ष पिछले 12 सालों से इसलिए परेशान है कि मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल देश के गौरव को बढ़ाया है बल्कि देश में अनेक योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। देश की अधोसंरचना के विकास में नई ऊंचाइयों को छूने की कोशिश की है। पड़ोसी दुश्मन देश को उसकी कारगुजारियों के लिए सबक सिखाया है। अंतरिक्ष में अपनी उपलब्धियां से धाक जमाई है। युद्ध और सामरिक क्षेत्र में कल्पनातीत सफलता हासिल की है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के उस कलंक को धो डाला है जिसमें कहा जाता था की सेना के पास रसद सामग्री भी नहीं है। वही सेना आज 36 राफेल जैसे लड़ाकू एयरक्राफ्टों से समृद्ध है। भारत ने डिजिटल क्षेत्र में न केवल विश्व का मार्गदर्शन किया बल्कि अपने कौशल से यूपीआई जैसी व्यवस्था से लेनदेन को आसान बनाया है। भ्रष्टाचार रोकने और सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से हितग्राहियों को बिचौलियों से मुक्त कराया है। आज भारत ब्रह्मोस जैसी दूर तक मार करने वाली मिसाइल का न केवल निमार्ता है बल्कि निर्यात करने वाला देश

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,300 रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,33,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति के रंग में रंगी काव्य गोष्ठी हिंदी लेखिका संघ ने किया आयोजन

**शुजालपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी लेखिका संघ शुजालपुर के तत्वावधान में मेरा भारत महान विषय पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी अंकिता पाटकर रहीं। जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, जिला सचिव वीणा गोयल, अध्यक्ष संध्या धारीवाल, संरक्षक सदस्य शैलजा देशमुख एवं पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल मंचासीन रहीं। सरस्वती पूजन के बाद लेखिकाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं एवं गीतों की प्रस्तुतियां दीं। वंदना चौहान ने तिरंगे का कर्ज मधु मंडलोई ने मेरा देश है महान, पुष्पा शाह ने जहां डाल-डाल पर, मीना चौधरी ने भारत देश महान है, अनीता अग्रवाल ने हमारा भारत देश, सोनम चौधरी ने मैं भारत की बेटी हूं, लक्ष्मी खत्री ने हां ये मेरा हिंदुस्तान है और लाज खत्री ने दे सलामी इस तिरंगे को की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार तेजकिरण जैन ने शहीदों की कुबार्नी पर कविता प्रस्तुत की, जबकि प्रभा जैन ऑनलाइन जुड़कर काव्य पाठ किया। अंजू सोनी ने भारत प्यारा देश हमारा, मधु चौधरी ने हम भारत मां के बच्चे, राजकुमारी अग्रवाल ने हम करते वीर शहीदों को नमन, रिंकू सोलंकी ने भगत सिंह पर आधारित कविता, संगीता विश्वकर्मा ने ऐ मालिक तेरे बंदे, कोमल देशमुख ने आजादी के 79 वर्ष तथा रूपल शाह ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी लेखिकाएं तिरंगा परिधान में नजर आईं। देशभक्ति के गीतों पर उन्होंने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। संचालन संध्या धारीवाल व आभार वीणा गोयल ने माना।

## रेलवे गेट बंद होने से निर्मित होती जाम की स्थिति व्यवस्थाओं को संभालने के लिए बल नहीं

**शुजालपुर।** शहर में तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम होने से पहले तो हाईवे पर आवागमन में लगभग दो घंटे परेशानी रही, लेकिन इसके बाद पुलिस चौकी चौराहे पर दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक बार-बार लम्बा जाम लगता रहा। इस जाम को हटाने में यातायात कर्मी भी परेशान होते रहे और उनके भी पसीने छूट गए। बता दे रेलवे गेट के बार-बार लगने से नेशनल हाइवे और शहर के आंतरिक मार्गो से आने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग रही है, उधर अंडर ब्रिज में पानी होने के कारण अंडर ब्रिज से आवागमन पुरी तरह रूक चुका है, ऐसे में दो पहिया व हल्के चार पहिया वाहन भी रेलवे गेट लगने के बाद रूक जाते है। गेट के खुलने पर भी वाहन रेंगते रहते है क्योकि इस मार्ग पर नियमित रूप से यातायात कर्मी की मौजूदगी नहीं होने से रेलवे गेट मार्ग पर वाहनों की कतार डबल लग जाती है और चौराहे पर भी जाने के लिए मार्ग खुला नहीं रहता है जिससे ट्राफिक गेट खुलने पर सुचारू नहीं हो पाता है। मंडी क्षेत्र में सड़कों की चौड़ाई तो काफी है लेकिन सड़क पर मौजूद हाथ ठेलों व वाहनों की मौजूदगी के कारण सड़क का आधा हिस्सा ही वाहनों के चलने के लिए बचता है। प्रशासन भी नियमित कार्यवाही नहीं करता है, जिससे अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है।

## छात्राओं को वर्षा ऋतुचर्या की दी जानकारी बीमारियों से बचाव के बताए उपाय



**शुजालपुर।** आयुष विभाग शाजापुर ने सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अवन्तिपुर बड़ोदिया में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य की देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्यामसुंदर परमार ने वर्षा ऋतुचर्या पर व्याख्यान देते हुए मौसम में होने वाली सामान्य बीमारियों और उनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के अनुसार वर्षा ऋतु में खान-पान, दिनचर्या, पथ्य-अपथ्य तथा उपयोगी योगासनों की जानकारी दी। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान आयुर्वेद कंपाउंडर कमल किशोर वर्मा, योग सहायक रोहित जावरिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ज्वाइंट डायरेक्टर ने जिला अस्पताल में तैयारियों का जायजा लिया

**शाजापुर।** शाजापुर जिले में ऑनलाइन हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम जल्द लागू किया जाएगा। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के वरिष्ठ संयुक्त संचालक प्रभारी डॉ. राजू निदरिया ने शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे शाजापुर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रस्तावित डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. निदरिया ने कहा कि फिलहाल पूरी तरह लागू नहीं हुई है और इसे लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। सिस्टम शुरू होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को डिजिटल रूप से दर्ज और प्रबंधित किया जा सकेगा। इससे अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग को अधिक व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। इस प्रणाली के माध्यम से मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड, अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों की गतिविधियां, दवाइयों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता जैसी जानकारी ऑनलाइन प्रबंधित की जा सकेगी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने भूपेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री गोपाल वर्मा जाति-बोरासी (गैर आदिवासी) निवासी-71, मंछामन गणेश कालोनी उज्जैन (म.प्र.) कृषक-ग्राम सारोला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-250 रकबा 0.40 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम सारोला पटवारी हल्का नम्बर-79 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-14.08.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मोबा. -98268.87494**


# तिरंगे की शक्ति और भारत की एकजुटता का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचा

## शुजालपुर में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



हर-घर तिरंगा अभियान के तहत गुरूवार को शुजालपुर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इस यात्रा में शामिल हुए हजारों लोगों ने सिटी के प्रारंभिक छोर से लेकर रोकडिया हनुमान मंदिर तक लगभग 5 किलोमीटर तक पैदल सफर तय किया और इस यात्रा की कतार लगभग एक किलोमीटर लम्बी रही।

प्रमुख मार्गो से जब यह तिरंगा यात्रा निकली तो देश भक्ति के नारों से शहर का माहौल राष्ट्र भक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पचोर रोड स्थित स्वातंत्र्य वीर सावरकर स्कूल शुजालपुर से उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार की उपस्थिति में हुआ। जो कि सिटी के प्रमुख मार्गो जेएनएस महाविद्यालय, माँ शारदा सांदीपनि विद्यालय, पुलिस चौकी होते हुए रोकडिया सरकार मंदिर परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा मार्ग पर विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस यात्रा में स्कूली बच्चों के अलावा महाविद्यालय के छात्र, एनएसएस, एनसीसी, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी व प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के समापन पर सभा लोहिया मार्ग पर हुई, जिसे संबोधित करते हुए मंत्री परमार ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। यह हमें एकजुट रहने की प्रेरणा देता है और विश्व पटल पर भारत की शक्ति एवं पहचान का प्रतिनिधित्व करता है।

मंत्री परमार ने कहा कि शुजालपुर की धरती पर आयोजित यह तिरंगा यात्रा विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, नागरिकों एवं प्रशासन की सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देशवासियों को अपने घरों पर तिरंगा फ हराने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मंत्री परमार ने कहा कि तिरंगे की शक्ति और भारत की एकजुटता का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रीय गौरव की पहचान है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, विजय सिंह बैस, देवेंद्र तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता पाटकर, तहसीलदार मुकेश सांवले, जनपद पंचायत शुजालपुर सीईओ सिद्धि कोरव, एसडीओपी निमेष देशमुख सहित गणमान्य नागरिकगण एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुंडालिया बांध का जलस्तर बढ़ा: निचले इलाकों में जलभराव

## आगर-मालवा में तेज बारिश से फसलों को फायदा

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा जिले में सोमवार के बाद एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया। शुक्रवार सुबह रिमझिम बारिश के बाद दोपहर में अचानक तेज बारिश हुई। इससे शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं, बारिश से किसानों को खरीफ फसलों के लिए राहत मिली है। शुक्रवार को बड़ौद चौराहा, छावनी नाका और उज्जैन मार्ग सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर पानी जमा हो गया। सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश से किसानों में उत्साह है। खेतों में खड़ी सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों के लिए इसे लाभदायक माना जा रहा है। किसानों को इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद है। जिले में इस मानसून अवधि में अब तक करीब 24 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। बांध में पानी की आवक को देखते हुए निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से नदी और अन्य जलस्त्रोतों के तटों से दूर रहने की अपील की गई है। प्रशासन ने लोगों से लापरवाही नहीं बरतने और तेज बारिश के दौरान नदी, नाले व जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में जिले में कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**कुंडालिया बांध में पानी की आवक जारी**

लगातार बारिश के कारण जिले के महत्वपूर्ण कुंडालिया बांध में पानी की आवक बनी हुई है। बांध अपने निर्धारित जलस्तर तक पहुंच गया है। कुंडालिया बांध के अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि यदि पानी की आवक इसी तरह बनी रहती है तो आने वाले समय में बांध के गेट खोलने पड़ सकते हैं।

## 16 अगस्त को निकलेगी डाक कावड़ यात्रा

**सुसनेर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड सुसनेर के तत्वावधान में आगामी 16 अगस्त रविवार को डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा सुसनेर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, कुटिया से प्रारंभ होकर तारकेश्वर महादेव मंदिर ताखला तक जाएगी। यात्रा को लेकर हिंदू समाज एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजकों के अनुसार डाक कावड़ यात्रा का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे ओंकारेश्वर महादेव मंदिर कुटिया से होगा।


The Court Of VIII Additional District and Sessions Judge, District Court, Ujjain

**श्री हीरालाल अलावा**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS HM/0000062/2025)

**योगेंद्र सिंह---------- वादी**

**Vs**

**अंगुरबाला----------- प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 24/09/2026**

**प्रेषिती**

(1) अंगुरबाला पति योगेंद्र सिंह पिता जितेन्द्रसिंह राजपूत पता- लिम्बास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी योगेंद्र सिंह पिता श्री रणजीतसिंह पंवार, आयु 25 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-ग्राम उज्जैनिया तहसील घटिटया जिला उज्जैन म प्र मोबाईल नंबर 6261685811 ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13(ए) हिन्दू विवाह अधिनियम, आपके एवं आवेदक के मध्य संपन्न हुए विवाह दिनांक 06/02/2025 को विघटित किया जाकर उक्त विवाह विच्छेद का निर्णय व जयपत्र पारित किये जाने का आदेश प्रदान करने हेतु रेगुलर सिविल सूट हिन्दु मेरिज एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 12 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**हीरालाल अलावा**
**अष्टम जिला न्यायाधीश**
**उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अमजद पिता न्याज मोहम्मद जाति नायता निवासी हाउस नं. 01 ग्राम बरडिया, कवटी तह. महु जिला इंदौर म.प्र. ने सुगनबाई पति मांगीलाल जी जाति कलोता निवासी 68/2 बडा बांगडदा इंदौर जिला इंदौर कृषक ग्राम जलोदिया तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नं. 39/1 रकबा 1.50 हे. भूमि स्थित ग्राम जलोदिया तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय किया होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सौदे पेटे आंशिक बयाना राशि भी विक्रेता/भूमि स्वामी को अदा कर दी है। मेरे पक्षकार से भूमि स्वामी ने उपरोक्त भूमि का विक्रय सौदा तय कर उपरोक्त सौदे पेटे विकेता ने विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित कर दी है तथा शिघ्र ही उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित होना है एवं उसके पश्चात उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय - पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो। दिनांक 14.08.2026

**दीपक कवाडिया एडव्होकेट न्यायालय**
**परिसर बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. -9165688220**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भुमि स्वामी शिव सिंह पिता इंदर सिंह ग्राम विरमखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 47 रकबा 2.48 हैक्टर कुल किता 01 कुल विक्रित रकबा 2.48 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम विरमखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश व विक्रेता मूल भुमि स्वामी छीतू लाल राठौर पिता बसंती लाल राठौर निवासी ग्राम गुनई खालसा तहसील उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 46/2/2/1 रकबा 0.20 हैक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.20 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम विरमखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो। इति दिनांकः 14-08-2026

**मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 7999640229, 9669092880**



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नाजनीन पति सन्नवर हुसैन निवासी 6/4, आजाद गली नं. 1, केसरपुरा, महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443 की निवासी होकर आज दिनांक 14/08/2026 से अपना पुराना नाम नाजनीन पति सन्नवर हुसैन बदलकर नया नाम नाजमीन बी पति सन्नवर हुसैन मुल्तानी (NAJMIN BEE W/O SANNAWAR HUSSAIN MULTANI) रख लिया है। अतः आज के बाद मुझे अपने नये नाम से जाना जावें एवं इसी नाम से व्यवहार किया जावें।



### कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

## षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना

**सूचना क्र./114/HEALTH/2026** — **देवास, दिनांकः- 11.08.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _528863_1 11/08/ 2026 | देवास निगम सीमा क्षेत्र के आवारा श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक वर्ष के लिए गैर सरकारी संगठनों/पशु कल्याण संगठनों जो कि एनीमल वेलफेयर वार्ड ऑफ इंडिया से पंजीबद्ध हो हेतु षष्ठम ऑनलाईन निविदा प्रपत्र। | 12 माह 50,00,000/- | 10,000/- 1,50,000/- | 01.09.2026 06.00 पीएम |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http:mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, देवास**


### डीजे वाहन के पेड़ से टकराते ही भड़की

## मधुमक्खियों का तिरंगा यात्रा पर हमला, एक दर्जन लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ विजयागंज मंडी

विजयागंज मंडी क्षेत्र में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। यात्रा में शामिल एक डीजे वाहन के पेड़ से टकराने के बाद पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से यात्रा में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। वहीं हमलें में 1 दर्जन लोग घायल है।

भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह पवार ने बताया कि तिरंगा यात्रा के दौरान डीजे वाहन एक पेड़ से टकरा गया था। पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता मौजूद था। वाहन के टकराने से मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

इस दौरान 1 दर्जन लोग मधुमक्खियों के डंक का शिकार हो गए। जिसमें से चार घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है। वहीं अन्य घायलों का विजयगंज मंडी क्षेत्र के आसपास के अस्पतालों में इलाज कराया गया।

**घायलों को अस्पताल पहुंचाया**

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मधुमक्खियों के डंक से घायल हुए लोगों की मदद की। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अचानक हमले के कारण तिरंगा यात्रा का माहौल कुछ देर के लिए बाधित रहा।

## 3 चोरों से 6 चोरी की बाइक जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

कन्नौद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस को इनकी निशानदेही पर चोरी की 6 बाइक मिली। इनमें से दो बाइकें दर्ज मामलों से जुड़ी हैं, जबकि बाकी गाड़ियों के बारे में आगे की जांच की जा रही है।

घटना 8 अगस्त की है, जब गंगाराम टाकिया ने साई मंदिर तिराहा स्थित अपने किराए के मकान के बाहर से दो हीरो स्प्लेंडर बाइकें चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोर रात में गाड़ियां ले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और चोरों की तलाश शुरू की।


### कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन नगर, जिला उज्जैन

**क्रमांक / रीडर-1/2028/H.N.1049** — **उज्जैन दिनांकः 12/8/2026**
**प्रकरण क्रमांक 00/बी-113/26-27**
**लोक न्यास का नाम- श्री सत्यनारायण मंदिर पारमार्थिक न्यास**
**पंजीयन क्रमांक-**

**श्री सत्यनारायण मंदिर पारमार्थिक न्यास द्वारा सचिव श्री श्यामलाल साकोनिया कार्यालय 14 गुदरी चौराहा 24 खम्बा मार्ग उज्जैन**
**आवेदक**
**विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन**

### विज्ञप्ति

**दिनांक 12/08/2026**

एत्तद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामलाल साकोनिया पिता स्व. श्री बोंदालाल साकोनिया सचिव 'श्री सत्यनारायण मंदिर पारमार्थिक न्यास' कार्यालय 14 गुदरी चौराहा 24 खम्बा उज्जैन म.प्र. द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर पारमार्थिक न्यास' के नवीन ट्रस्ट पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, राजस्व खाते में जमा रू. 100/- के चालान क्रमांक 0029191046 दिनांक 25.06.2026 की मूल प्रति, ट्रस्ट डीड (मूल) ट्रस्टियों आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर मध्यप्रदेश ट्रस्ट एक्ट 1951 धारा 04 के अधीन नवीन ट्रस्ट पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें ट्रस्ट का विवरण निम्नानुसार है-

**न्यास का नामः- श्री सत्यनारायण मंदिर पारमार्थिक न्यास'**
**कार्यालय :- 14 गुदरी चौराहा 24 खम्बा मार्ग उज्जैन**

**अचल संपत्ति :-** वर्तमान में न्यास ने अपने पास भवन क्रमांक 14 स्थित 24 खम्बा मार्ग जो की वर्तमान श्री सत्यनारायण मंदिर मालवीय रजक 84 पंचायत एवं मालवीय वसीटा रजक धोबी सामाजिक समिति के नाम से दर्ज है, भूखण्ड कमांक 59-ए अशोक नगर मक्सी रोड उज्जैन जिसे श्री नंदकिशोर पिता पन्नालालजी मालवीय द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर को दान में प्रदाय किया गया है अचल संपत्ति के रूप में दर्शाई है।

**चल संपत्ति :-** आवेदन में उल्लेखित चल सम्पत्ति में बैंक ऑफ इंडिया शाखा नारंग काम्प्लेक्स फ्रीगंज उजैन में ट्रस्ट के नाम से बैंक खाता क्रमांक 910110110002069 में दिनांक 31.07 2026 तक कुल 53,90,000/- रू. (अक्षरी रू. त्रेपन लाख नब्बे हजार रू) जमा राशि दर्शाई गयी है।

| क्र. | ट्रस्ट को घोषित करने वालों का नाम एवं पता | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | श्री गनोज सुल्ताने पिता स्व. श्री योगेंद्र सुल्ताने | अध्यक्ष |
| 02 | श्री श्यामलाल पिता स्व. श्री बोंदालाल साकोनिया | सचिव |
| 03 | श्री राजेश गारोलिया पिता श्री कैलाशचंद्र नारोलिया | कोषाध्यक्ष |
| 04 | श्री निलेश बिलोदिया पिता श्री रामचंद्र बिलोदिया | उपाध्यक्ष |
| 05 | श्री हितेश मालवीय पिता श्री श्यामलाल मालवीय | प्रभारी |
| 06 | श्री गोपाल खेत्रा पिता स्व. श्री दशरथलाल खेत्रा | संयुक्त सचिव |
| 07 | श्री कैलाश पिता श्री गेंदालाल सिसौदिया | वरिष्ठ उपाध्यक्ष |
| 08 | श्री रामजीलाल पिता स्व. श्री मांगीलाल मालवीय | व्यवस्थापक |
| 09 | श्री किशोर पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायण मालवीय | समन्वयक |
| 10 | श्री बालकृष्णा वर्मा पिता स्व. श्री नारायणलाल वर्मा | समन्वयक |
| 11 | श्री प्रदीप डाबी पिता स्व. श्री भेरूलाल डाबी | सदस्य |
| 12 | श्री राधेश्याग बरेठा पिता स्व. श्री राजाराम बरेठा | सदस्य |
| 13 | श्री बंशीलाल कोदिया पिता श्री रमेशचंद्र कोदिया | सदस्य |
| 14 | श्री धर्मेन्द्र गालवीय पिता स्व. श्री शंकरलाल गालवीय | सदस्य |
| 15 | श्री प्रहलादसिंह पिता श्री बाबूलाल मालवीय सिहोर | सदस्य |
| 16 | श्री चंद्रशेखर नाहार पिता स्व. श्री कन्हैयालाल नाहार | रादस्य |
| 17 | श्री भारत मालवीय पिता श्री नंदूलाल मालवीय | सदस्य |
| 18 | श्री मनीष खाटवा पिता श्री फकीरचंद्र खाटवा | सदस्य |
| 19 | श्रीमती पूनम पति स्व. श्री चिंतामण सिसौदिया | सदस्य |
| 20 | श्रीमती हर्षजा पति श्री राजेश सातोलिया | सदस्य |
| 21 | सुश्री मनीषा मालवीय | सदस्य |
| 22 | श्री रामचंद्रजी खत्री पिता श्री जगन्नाथ | संरक्षक न्यासी |
| 23 | श्री सत्यनारायण पिता स्व. श्री हरीराम करवरिया | संरक्षक न्यासी |
| 24 | श्री नाथूलाल पिता स्व. श्री केसुरामजी परमार | संरक्षक न्यासी |
| 25 | श्री पन्नालाल पिता स्व. श्री रूपाजी सिसौदिया | संरक्षक न्यासी |
| 26 | श्री रतनलाल बंजारा पिता स्व. शंकरलालजी बंजारा | संरक्षक न्यासी |
| 27 | श्री सोहनलाल मेहता ग्राम पाताखेड़ी जिला रतलाम | संरक्षक न्यासी |
| 28 | श्री कैलाश नारोलिया उज्जैन | संरक्षक न्यासी |
| 29 | श्री जीवनलालजी खालोटिया स्व. श्री मांगीलाल उज्जैन | संरक्षक न्यासी |
| 30 | श्री रमेश मालवीय देवास | संरक्षक न्यासी |
| 31 | श्री सुरेश मालवीय इंदौर | संरक्षक न्यासी |
| 32 | श्री मूलचंद्र वर्मा पिता श्री रामकिशोर वर्मा | संरक्षक न्यासी |
| 33 | श्री रमेशचंद्र मालवीय पिता स्व. श्री धुलजी मालवीय | संरक्षक न्यासी |
| 34 | श्री भुवान परमार | संरक्षक न्यासी |
| 35 | श्री रमेश मालवीय | संरक्षक न्यासी |
| 36 | श्री बद्रीलाल काठबडोदिया मालवीय | संरक्षक न्यासी |

म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 04 के अंतर्गत उक्त ट्रस्ट पंजीयन के संबंध में उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यवाही, न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुतकर्ता मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

दिनांक 12/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से उक्त सूचना पत्र जारी किया गया।

**रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग उज्जैन नगर, जिला- उज्जैन**

# कलेक्ट्रेट में रो पड़ी छात्राएं, बोली भविष्य खराब मत करो- उज्जैन में 300 स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

**उज्जैन।** उज्जैन में सराफा स्कूल को दाऊदखेड़ी में शिफ्ट करने के विरोध में शुक्रवार को 300-350 छात्राओं ने कलेक्ट्रेट घेरा। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 2 छात्राएं बेहोश हो गईं, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रदर्शन में एक छात्रा रोने लगी और कहा- हमारा भविष्य बर्बाद मत करिए। छात्रा दीपिका शर्मा ने कहा- स्कूल को शहर से करीब 12-15 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी शिफ्ट किया जा रहा है। इतनी दूर स्कूल जाने में आने-जाने और सुरक्षा की परेशानी होगी। वहीं, सलोनी शर्मा ने कहा- हम 'दाऊदखेड़ी नहीं जाएंगे' और 'ये मनमानी नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए।

अभिभावक उर्मिला विश्वकर्मा ने बताया- उनकी दो बेटियां 9वीं और 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं। भैरूगढ़ से जयसिंहपुरा में बच्चों के लिए किराए का कमरा लिया है, लेकिन नए स्थान पर शराब की दुकान और असुरक्षित माहौल को लेकर चिंता है। 25-30 किलोमीटर दूर से छात्राएं कैसे आएंगी।

अभिभावक आशीष जैन ने बताया- दाऊदखेड़ी तक स्कूल पहुंचने में सुरक्षा, परिवहन और रोजाना आने-जाने की परेशानियों को लेकर चिंता है। स्कूल शहर से बाहर या दूर शिफ्ट होने पर विद्यार्थियों



और उनके परिवारों पर आने-जाने का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। अभिभावक आजाद पटेल ने बताया- छात्राओं के लिए लंबी दूरी और कई बार बस बदलकर स्कूल पहुंचना परेशानी का कारण बन सकता है। अगर स्कूल शहर से बाहर शिफ्ट किया जाता है तो छात्राओं के आने-जाने और सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। स्कूल बचाओ समिति से जुड़े एडवोकेट जितेंद्र सेंगर के मुताबिक, इस प्रक्रिया से करीब 6 स्कूलों के 2500-2600 बच्चे प्रभावित होंगे। सराफा के 9वीं से 12वीं तक के कन्या विद्यालय में करीब 300 से 350 छात्राएं पढ़ती हैं। इसी तरह महाकाल मैदान स्थित कन्या माध्यमिक विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक करीब 350 छात्राएं हैं। इसके अलावा महाराजवाड़ा, सीएम राइज, नूतन और माधवेंद्र जैसे स्कूलों के विद्यार्थी भी इस बदलाव से प्रभावित होंगे। जितेंद्र सेंगर के मुताबिक, सभी स्कूलों को मिलाकर 1000 से ज्यादा छात्राएं प्रभावित हो रही हैं, जबकि छात्र अलग हैं। सबसे बड़ी समस्या उन विद्यार्थियों की है, जो शहर से दूर ग्रामीण और बाहरी क्षेत्रों से पढ़ने आते हैं।

**15-25 किलोमीटर दूर से स्कूल पहुंच रहे बच्चे-** जितेंद्र सेंगर के मुताबिक, कई विद्यार्थी 15-25 किलोमीटर तक की दूरी तय करके स्कूल पहुंचते हैं। कुछ बच्चों को पहले अपने घर से चारधाम स्कूल या किसी निर्धारित स्थान तक आना पड़ता है। इसके बाद वहां से उन्हें बस मिलती है। उनके अनुसार, कई बच्चे सुबह 7 से 8 बजे के बीच घर से निकलने के बावजूद स्कूल पहुंचने में काफी समय लगाते हैं। स्कूल की छुट्टी करीब साढ़े चार बजे होने के बाद बस से वापस आने में भी समय लगता है और कई बच्चे शाम 7 बजे तक घर पहुंचते हैं। अभिभावक सोनू ठाकुर ने बताया- सबसे ज्यादा असर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों पर पड़ेगा। अगर बच्चों को रोज छोड़ने और लेने जाना पड़े तो मजदूरी, भट्टे या ऑटो चलाने जैसे काम करने वाले माता-पिता के लिए पूरा दिन निकालना मुश्किल होगा।

**8 किमी के दायरे में स्कूल होने का दावा-** शिक्षा संघर्ष समिति के एडवोकेट जितेंद्र सेंगर ने स्कूलों को दाऊदखेड़ी शिफ्ट किए जाने के फैसले पर सवाल उठाया। ऋक्षय एक्ट में बच्चों के निवास स्थान से स्कूल की दूरी को लेकर प्रावधान हैं। सेंगर के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर स्कूल की दूरी 1 से 3 किलोमीटर, माध्यमिक स्तर पर 5 किलोमीटर और दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अधिकतम 8 किलोमीटर के दायरे में होनी चाहिए।

उन्होंने करीब 12 से 15 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी स्कूल शिफ्ट किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी दूर पर स्कूल होने से विद्यार्थियों को आने-जाने में परेशानी हो सकती है।

**स्कूल प्रबंधन भी परेशान, लेकिन खुलकर विरोध नहीं-** समिति से जुड़े लोगों के मुताबिक, प्रिंसिपल और शिक्षक निजी बातचीत में बच्चों के नुकसान की बात स्वीकार करते हैं, लेकिन खुलकर सामने आने से बच रहे हैं। अभिभावक, छात्राएं, शिक्षक और प्रिंसिपल कोई भी इस फैसले से खुश नहीं हैं। स्कूल प्रबंधन भी चाहता है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री ने कहा कि यह शासन का निर्णय है। स्कूलों से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। इस मामले में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति अंतिम निर्णय लेगी। फिलहाल सराफा स्कूल को दाऊदखेड़ी शिफ्ट करने के मामले में अंतिम निर्णय जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति को लेना है।

## उदयपुर आश्रम में 10 साल की बच्ची से रैप

**उदयपुर।** उदयपुर शहर में एक आश्रम में 10 साल की बच्ची के साथ रेप हुआ। आश्रम संचालिका का भाई ही बच्ची का शोषण करता था। बच्ची ने कई बार संचालिका को इस बारे में बताया था, लेकिन उसने एक्शन लेने के बजाय उसे चुप रहने को कहा। बच्ची की मां के मरने के बाद पिता उसे आश्रम में करीब 6 महीने पहले अकेला छोड़ गया था। इसके बाद कभी मिलने नहीं गया। वहीं बच्ची को स्कूल में पढ़ाने वाले एक टीचर कभी-कभी उससे मिलने जाते थे। टीचर 5 अगस्त को बच्ची से मिलने आए तो उसने घटना की जानकारी दी। इस पर टीचर ने चाइल्ड हेल्प लाइन को इसकी शिकायत की। तब शिकायत मिलने के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन ने बच्ची को आश्रम से 6 अगस्त को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। समिति ने बच्ची को सरकारी बालिका गृह में शेल्टर करवाया है। समिति ने 13 अगस्त को स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। अब पुलिस मामले में जांच कर रही है। यशोदा पणिहार ने बताया- हमने जब बच्ची की काउंसलिंग की तो वह बेहद डरी और सहमी थी। वह बार-बार बोल रही थी कि आप मुझे वापस आश्रम मत भेजना। अध्यक्ष ने बताया- बच्ची की मां का कुछ साल पहले निधन हो गया था। उसका पिता मजदूरी करता है और शराब का आदी है। बच्ची इकलौती संतान है, इसलिए पिता कुछ महीने पहले उसे आश्रम छोड़ गया था। इसके बाद पिता वापस कभी बेटी से मिलने नहीं आया।

## मंच से डिप्टी कलेक्टर, 2 सीएमओ सस्पेंड

**बड़वानी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बड़वानी में जन विश्वास अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लिया। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने एक डिप्टी कलेक्टर (तत्कालीन तहसीलदार), दो पटवारी, दो मुख्य नगरपालिका अधिकारी एक सहायक यंत्री और एक तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 7 अफसर-कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि जनता के काम में देरी और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक एस.के. सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनसमस्याओं का निराकरण तय समय सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## चोटिल जेमिमा एशिया कप से बाहर, एशियाड भी नहीं खेलेंगी

**नईदिल्ली।** महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण एशिया कप और एशियन गेम्स से बाहर हो गई हैं। उन्हें यह चोट इसी महीने इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान लगी थी। उनकी जगह प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया गया है। शुक्रवार को बताया कि 25 साल जेमिमा की मेडिकल टीम ने जांच की है। जांच में उनकी हैमस्ट्रिंग में गंभीर स्तर का टियर मिला है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। एशिया कप 28 अगस्त से 5 सितंबर तक दुबई में खेला जाएगा। BCCI ने बताया कि इंग्लैंड में द हंड्रेड लीग के एक मैच में 3 अगस्त को जेमिमा के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। मेडिकल टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनकी जांच की। इसमें हाई-ग्रेड टियर इंजरी कन्फर्म हुई है। हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमालिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, राधा यादव, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़ और प्रतिका रावल।

## पोते ने पेचकस-चाकू से गोदकर की दादा की हत्या

**बाली (पाली)** पाली जिले में 16 साल के पोते ने ही दोस्त के साथ मिलकर 85 साल के दादा के सीने में पेचकस और चाकू घोंपकर हत्या की थी। इसके बाद दोनों शव को बोरे में भरकर स्कूटी से नदी के पास ले गए। बोरे से शव को निकालकर नदी में फेंक दिया था। फिर दोनों अपने घर आकर सो गए थे। पुलिस ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करके नाबालिग पोते को डिटेन कर लिया। नाबालिग के दोस्त और खेत की रखवाली करने वाले 50 साल के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले पोते ने गूगल पर हत्या से पहले मर्डर के तरीके और गले पर कितना दबाव पड़ने से मौत हो सकती है सर्च किया था। घटना 10 अगस्त की है, 12 अगस्त को शव नदी के किनारे मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग के सीने पर चाकू घोंपने और गला दबाने के निशान थे। शव की शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो नाबालिग पोता घबरा गया और हत्या करने की बात कबूल कर ली।

## राजस्थान की एचपीसीएल रिफाइनरी में फिर आग लगी

**बाड़मेर।** राजस्थान के बालोतरा में देश की सबसे हाईटेक हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड HPCLकी रिफाइनरी में एक बार फिर आग लग गई। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में ऑयल रिसाव हो रहा था, जहां चिंगारी के बाद आग लग गई। हालांकि आग लगते ही रिफाइनरी का फायर सिस्टम एक्टिव हो गया और सायरन भी बजने लगे। धुआं उठने पर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और करीब 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग से बडा नुकसान नहीं हुआ है। इस रिफाइनरी का उद्घाटन 21 अप्रैल को होना था। इससे पहले रिफाइनरी में 20 अप्रैल को यहां आग लग गई थी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल परिसर में रोपे 25 पौधे

**शुजालपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर के परिसर में 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सोया प्लांट हेड अशोक कुमार सिंह के सहयोग से विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद खापरे,मधु मंडलोई, खुशीराम आचार्य,संदीप अग्रवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान शिवनारायण परमार अहिरवार, प्रतिभा शर्मा,अनीता,नीरज पाटीदार सहित अन्य कर्मचारियों ने पौधारोपण में सहभागिता की।

## देवी अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**शुजालपुर।** युवा धनगर महासभा जिला शाजापुर द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने मां अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता केदार धनगर,जीवन धनगर, महेंद्र धनगर, शिवराज दरबार, विकास हाडा, राज परमार, रोहित सिसोदिया, घनश्याम मेवाड़ा, अमन धनगर, पारस राम धनगर, पवन यादव एवं रोहित यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अजय गुर्जर ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी घटनाओं एवं उनके लोककल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, सुशासन, धर्म एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए त्याग, सेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।


## सार्वजनिक सूचना

मै रवि कसेरा पुत्र कैलाश चंद कसेरा घोषणा करता हुं कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक सी 7744607 जारी दिनांक 12-03-2025 में मेरा अपूर्ण नाम रवि अंकित है। मेरा सही एवं पूर्ण नाम रवि कसेरा है जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में दर्ज है। आगे से मैं अपने सही नाम रवि कसेरा से ही जाना जाऊंगा।

**रवि कसेरा**
**1/5, पटवा बाखल, पटनी बाजार उज्जैन**
**मध्यप्रदेश 456001**

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Airports Authority of India Development of Ujjain (Datana) Airport, Datana, Capacity 4 450 Peak Passengers, Area: 135.977 Hac. Khasra No. . 419, 415, 619, 627, 411, 405, 782, 407, 830, 408 × 835 of Datana Village and 11, 146, 147, 201, 227, 925 × 931 of Narvar Village, Ujjain Tehsil Ujjain District Ujjain Madhya Pradesh के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी एवं अंग्रेजी में सॉफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) कार्यालय ग्राम पंचायत नरवर तहसील एवं जिला उज्जैन (5) कार्यालय ग्राम पंचायत दताना तहसील एवं जिला उज्जैन (6) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (7) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (8) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 18.09.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम नरवर तहसील एवं जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

( क्षेत्रीय अधिकारी )
उज्जैन

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है कि पायल वर्मा पिला विनोद कुमार वर्मा, निवासी एल आई जी-64, महाशक्ति नगर, उज्जैन के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन 33, 34, 35 स्थित भूमि सर्वे क्रमांक-296, 301/1 का भाग ग्राम निमनवासा तहसील व जिला उज्जैन उज्जैन को विक्रय करने हेतु अनुबंध पत्र का निष्पादन प्रवीण कुमार भावसार पिता विनोद कुमार भावसार के हित में किया है तथा विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। उपरोक्त भवन के संबंध में किसी वित्तीय संस्था / बैंक शासकीय अर्द्ध शासकीय संस्थान, व्यक्ति या निकाय का कोई हित भार या स्वामित्व हो तो मेरे कार्यालय में 3 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे तथा उक्त भवन के संबंध में अन्य कोई संव्यवहार न करे। ऐसे संव्यहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभाव शुन्य रहेगे तथा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की स्वयं की होगी। सो सूचित हो।

इतिदिनांक-14/8/2026
**विवेक तिवारी, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय 22 प्रथम तल गुजराती समाज धर्मशाला नई सड़क उज्जैन मप्र मो. 98277 17729**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री शांतीलालजी जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूखण्ड म्युनिसिपल गृह क्रमांक-पुराना 2/1094, जिसका न्यू नम्बर-08, पूर्व दिशावाला भाग, जिसका वर्तमान क्रमांक-8, स्थित अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, उज्जैन म.प्र. में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 111.05 वर्गमीटर या 1195 वर्गफीट है, को मय तला हवाई हक, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है सिर्फ शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना बाकी है। उक्त संपत्ति की चतु:सीमा इस प्रकार है, जिसके पूर्व में रास्ता, पश्चिम में विक्रेता की अन्य भूमि, उत्तर में रितेश जैन जी का मकान, दक्षिण में अलका जैन जी का मकान है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 14-08-2026 स्थान - उज्जैन
**गौरव गौदावत (जैन), एडवोकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9926068606**

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s S & S Stone Crusher, Partner Sachin Patni, Akyanajik Stone (Gitti) and M-Sand Quarry, Mining of minerals, Proposed Production of Stone (Gitti) and M-Sand ROM 6,39,400 in which w 2,09,400 Stone Gitti and y 4,30,000 M-Sand cum per annum, Area 7.6022 Hect. Khasra No. 43,44,Village Akyanajik, Tehsil Nagda & District Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) कार्यालय ग्राम पंचायत आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 06.10.2026 को समय दोपहर 12:30 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

( क्षेत्रीय अधिकारी )
उज्जैन

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Ashwin Maru S/o Shri Satish Maru, Akyanajik Stone (Gitti) and M-Sand Quarry Mining of minerals, Proposed Production of Stone (Gitti) and M-Sand ROM 2,00,000in which 1,50,000 Stone Gitti and 50,000 M-Sand cum per annum, Area 4.0 Khasra No 76, Situated near Village Akyanajik, Tehsil Nagda, District Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) कार्यालय ग्राम पंचायत आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म0प्र0प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 06.10.2026 को समय दोपहर 01:00 बजे से स्थान-आवेदित स्थल, ग्राम आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

( क्षेत्रीय अधिकारी )
उज्जैन

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मैं शाकिर हुसैन मंसुरी पिता मोहम्मद हुसैन मंसुरी मेरी संपत्ति जो एक मंजिला पुराना गार्डरफर्श मकान कमांक 159 जो, नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 16 अंर्तगत मोहल्ला पाल्या रोड़ सुभाष मार्ग चौराहे से दयानंद चौराहे तक रोड़ पर स्थित है, जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण 40 फीट व चौड़ाई 10 फीट होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 37.18 वर्गमीटर होकर जिसमें से व्यवसायिक दुकाननुमा भाग 18.60 वर्गमीटर है एवं आवासीय बना भाग 18.58 मीटर हैं व जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में अजीज हुसैन मंसुरी का मकान भाग, पश्चिम में सादिक हुसैन आदि का मकान, उत्तर मे आम रास्ता पाल्यारोड़, व दक्षिण में रईस हुसैन मंसुरी का मकान भाग स्थित है व मै रईस हुसैन मंसुरी पिता मोहम्मद हुसैन मंसुरी मेरी संपत्ति एक मंजिला पुराना गार्डरफर्श मकान क्रमांक 159/2 जो नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 16 अंर्तगत मोहल्ला पाल्या रोड़ सुभाष मार्ग चौराहे से दयानंद चौराहे तक रोड़ पर स्थित मकान जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण 44 फीट व चौडाई पूर्व से पश्चिम 20 फीट होकर जिसकी कुल क्षेत्रफल 81.80 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में गली आम रास्ता, पश्चिम में सादिक हुसैन आदि का मकान, उत्तर में अजीज हुसैन मंसुरी व शाकिर हुसैन मंसुरी का मकान भाग व दक्षिण में मेहराजबी का मकान स्थित है। जो हमे उत्तराधिकारी में प्राप्त होकर रजीस्टर्ड बटवारे मे प्राप्त संपत्ति है जिसे हम आई डी बी आई बैंक शाखा नागदा मे बंधक रख ऋण प्राप्त कर रहे है यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त मकान के बाबत् स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या बंधक संबंधी अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त संपत्ति पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकिय या अर्द्धशासकिय संस्था द्वारा बंधक किया हो या माड़ीगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधिन हो या उक्त मकान के बंधक से किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति का अन्य कोई वारीस हो तो इस प्रकाशन से सात दिन की अवधि में सप्रमाण हमे लिखित में आई डी बी आई बैंक शाखा नागदा के शाखा प्रबंधक के समक्ष मे लिखित आपत्ति कार्यालिन समय 10:30 से 4:00 बजे के मध्य पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा अवधि पश्चात् हम उक्त संपत्ति को बैंक में बंधक रख कर ऋ ण प्राप्त कर लेंगे व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। सुचित हो। इति दिनांक-15/08/2026

**शाकिर हुसैन मंसुरी पिता मोहम्मद हुसैन मंसुरी व रईस हुसैन मंसुरी पिता मोहम्मद हुसैन मंसुरी**
**उज्जैन**

## न्यूज-कॉलम

### पुलिस अधीक्षक नीमच में जीरन थाना का किया निरीक्षण

**नीमच।** जिले मे जन विश्वास अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा पुलिस थाना जीरन का औचक निरीक्षण, थानें पर उपस्थित फरियादियों से किया संवाद, जन शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाईन की की गई समीक्षा, थानें के निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी जीरन को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चलाये जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश द्वारा सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाईन के तहत प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने, पुलिस थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने एवं पुलिस की कार्य प्रणाली की समीक्षा हेतु दिशा निर्देश दिये गये है।एस.पी. श्री राजेश व्यास के पुलिस थाना जीरन के निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान एवं थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश व्यास उपस्थित रहें।

### गंगा सागर रीजनल पार्क में होगा वृह्द पौधा रोपण

**रतलाम ।** अमृत हरित अभियान व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 15 अगस्त शनिवार को गंगासागर में 55 बीघा क्षेत्र में विकसित किये जा रहे रीजनल पार्क (सिटी फॉरेस्ट) में प्रातः 11.30 बजे महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, कलेक्टर अजय कटेसरिया, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, नव नियुक्त एल्डरमेन व जनप्रतिनिधियों के आतिथय में वृह्द पौधा रोपण किया जायेगा।

### गांधी भवन में हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन, नीमच में आजादी का यह महापर्व पूर्ण हर्षोल्लास, भव्यता और गरिमामय माहौल में मनाया जाएगा।मुख्य समारोह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री तरुण बाहेती द्वारा शनिवार प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी जाएगी, जिसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वरिष्ठ जन सम्मान किया जाएगा साथ ही पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्री ब्रजेश सक्सेना द्वारा जनसुविधा हेतु गांधी भवन को प्रदत्त वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया जाएगा। अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांधी भवन परिसर में पौधारोपण संपन्न होगा।

### विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया। इस मौके पर विभाजन की विभीषिका को प्रदर्शित करती तख्तियां लेकर भाजपा का मौन जुलूस निकला, इसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने किया 7 मौन जुलूस डालू मोदी बाजार चौराहा से प्रारंभ हुआ और नाहर पूरा, रानीजी का मंदिर से सुभाष मार्ग होते हुए शहीद चौक पर समाप्त हुआ। भाजपा नेताओं ने शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा आदि उपस्थित थे।

# रतलाम में देश भक्ति के उत्साह के साथ निकली तिरंगा रैली

### महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने दिलाई तिरंगा प्रतिज्ञा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा राज्य में संचालित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त को रतलाम शहर में उत्साह उल्लास और देशभक्ति पूर्ण वातावरण में तिरंगा रैली आयोजित की गई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई- शंभू लाल चंद्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, कलेक्टर अजय कटेसरिया, एडीएम, एसडीएम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, रतलाम विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोविन्द काकानी, प्रवीण सोनी, अशोक जैन लाला, अशोक चौटाला, राजेश कटारिया, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, श्रीमती आयुषी सांकला, श्रीमती हीना मेहता, श्रीमती शबाना, श्रीमती संगीता सोनी, नवनियुक्त एल्डरमेन मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा, राकेश मिश्रा, नारायण सांकला, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, हार्दिक मेहता, जलज सांकला, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक एवं स्वंय सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, जिला प्रशासन एवं निगम अधिकारी एवं कर्मचारी सहित नागरिक बड़ी संख्या में तिरंगा रैली में सम्मिलित हुए महापौर प्रहलाद पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा रैली को नगर निगम कार्यालय परिसर से रवाना किया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत नगर निगम कार्यालय परिसर से हुई जो कॉलेज रोड, जेल रोड, लोकेन्द्र टॉकिज चौराहा, न्यू रोड, दो बत्ती होते हुए महाराजा सज्जनसिंह चौराहे पर पंहूची जहां रैली का समापन किया गया। रैली में डीजे वाहन के माध्यम से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जा रही थी वहीं रैली में सम्मिलित अपार जनसमुह तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति का संदेश दे रहे थे।

## भारत माता चौराहे पर तिरंगा रैली का अरुण अरोरा ने पुष्प वर्षा कर स्वलपहर से किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



गुरुवार को शहर को भव्य तिरंगा रैली ने देशभक्ति के रंग मे रंग दिया। लोग के हाथोंमे तिरंगे, चेहरों उत्साह नीमच में निकली भव्य तिरंगा यात्रा शहरवासी पर 'भारत माता की जय' तथा 'जय हिंद' के नारों के बीच हजारों लोग इस यात्रा का हिस्सा बने। यात्रा जय फोर जीरो चौराहे और टैगोर मार्ग पहुंची तो यहां का नजारा देखते ही बन रहा था।

यात्रा के स्वागत के लिए युवाओं के बीच लोकप्रिय समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा गंगानगर और उनकी टीम ने विशेष इंतजाम किए थे। स्वागत स्थल पर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा में शामिल लोगों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही बडी संख्या में स्कूली बच्चों और आम नागरिकों के लिए स्वल्पाहार की व्यापक व्यवस्था की गई। सेवा और देशभक्ति के इस संगम ने आयोजन को खास बना दिया।

तिरंगा यात्रा के फोर जीरो चौराहे पहुंचते ही पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में डूब गया। चारों तरफ तिरंगे लहराते नजर आएण देशभक्ति गीतों की गूंज और भारत माता के जयकारों के बीच यात्रा में शामिल लोगों का जोरदार स्वागत हुआ।

अरुल अशोक अरोरा गंगानगर और उनके साथियों ने पुष्पवर्षा कर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों का अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान लोगों में

उत्साह ऐसा था कि लंबे समय तक फोर जीरो चौराहा तिरंगा यात्रा के जोश से सराबोर नजर आया. जहाँ बच्चों को पोहे , बच्चों के लिए मैगी चाउमीन भी स्वागत किया द्य पुष्पवर्षा तक सीमित नहीं रहीं। यात्रा में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यापक व्यवस्था की गई थी। इडली सांघर सांभर-और आयोजन स्थल पर समोसे, पोहे, आलू-बडा और साबूदाने की खिचडी जैसे व्यंजन उपलब्ध रहे। वहीं बों की पसंद को ध्यान में रखते हुए चाउमीन और मैगी की भी व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में स्कूली बर्षों ने उत्साह के साथ स्वल्पाहार का आनंद लिया।



## विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिया मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी, जिला मंदसौर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के लिए कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न रोजगार एवं कैरियर विकल्पों के संबंध में उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

सत्र में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रकला चौहान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कैरियर के क्षेत्र में निरंतर नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर नियमित एवं योजनाबद्ध तैयारी करनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. रितु शर्मा ने विद्यार्थियों को स्श्वञ्ज एवं ह्श्वञ्ज परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने परीक्षाओं की पात्रता, परीक्षा पैटर्न, विषय चयन, तैयारी की रणनीति तथा उच्च शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विद्यालय शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। प्रकोष्ठ सदस्य प्रो. प्रेरणा शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गणित विषय की प्रभावी तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## राष्ट्रीय भावना से पिपलियामंडी में निकली तिरंगा यात्रा

**पिपलियामंडी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को



पिपलियामंडी नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से हुई जहां से शा. के. उ. मा. वि,के छात्राएं व स्टाफ, एकिकृत शा. बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व स्टाफ, सरस्वती शिशु मंदिर, मंडी व्यापारी संघ,जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने हाथों में तिरंगा लेकर पैदल यात्रा शुरू की। तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौराहे पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गूंज उठा और लोगों में राष्ट्रभक्ति का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान देश की सेवा कर चुके सेवानिवृत्त सैनिकों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं, नगर परिषद की ओर से सेवानिवृत्त सैनिकों को नीम के पौधे भी भेंट किए गए।तिरंगा यात्रा में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा, मंडल प्रभारी राजेश पालीवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया आदि उपस्थित थे।

## मंदसौर पुलिस ने निकाली तिरंगा वाहन रैली, देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंजा शहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में मंदसौर पुलिस द्वारा शहर में एक भव्य तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जिला पुलिस लाइन से हुआ, जो शहर के मुख्य मार्गों और प्रमुख चौराहों जैसे शहीद उधम सिंह चौराहा, गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा, घंटाघर, मंडी गेट, प्रतापगढ़ पुलिया, नयापुरा और महाराणा प्रताप बस स्टैंड से होते हुए जिला पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुई।

इस वाहन रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री टी एस बघेल, सीएसपी जितेंद्र भास्कर, रक्षित निरीक्षक श्री दिनेश बेन, यातायात



थाना प्रभारी मनोज सोलंकी, कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, वाय डी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय और नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सहित पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

इसी प्रकार 5 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी, मंदसौर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर में एक विशाल तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 150 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रैली की शुरूआत पशुपतिनाथ गेट, चंद्रपुरा स्थित एनसीसी कार्यालय से हुई। मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी ग्रुप कैप्टन अरुण दीक्षित (भारतीय वायु सेना) और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुनील लेकोरडे और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अक्षत बक्शी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे ध्वजारोहण

**मंदसौर।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्यस्तरीय संदेश का भोपाल से एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। परेड में पुरुष व महिला पुलिस बल, शौर्य दल, एनसीसी, स्काउट गाइड और पुलिस बैंड की टुकड़ियां शामिल रहेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, खिलाड़ियों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों और शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण संपन्न होगा।

## खाद्य विभाग कि कार्यवाही 3.20 लाख रुपये का घी-मावा एवं अन्य सामग्री जप्त

**नीमच।** नियंत्रक,खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर नीमच के निर्देश तथा अपर कलेक्टर एवं जिला अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। विगत दो दिनों में टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर घी, मावा एवं ईसबगोल हस्क सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तथा करीब 3 लाख 19 हजार 500 रुपये मूल्य की खाद्य सामग्री जब्त की।एफएसएसएआई पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निराकरण के लिए बालाजी गणेश मार्केट, स्टेशन रोड स्थित कार्तिक एक्सपोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां विक्रय एवं पैकिंग के लिए रखे ईसबगोल हस्क, मेथी पाउडर, आदि शामिल थे।

## न्यूज कालम



### विभाजन विभीषिका दिवस पर निकला मौन जुलूस

**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार मंदसौर में विभाजन विभीषिका दिवस के तहत शुक्रवार को एक मौन जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस नक्षत्र गार्डन से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचा, जिसमें शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विभाजन के समय भारत आए निर्दोष लोगों के संघर्ष और वेदना को याद किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिवस उन लोगों के दर्द को समझने, महसूस करने और साझा करने के लिए मनाया जा रहा है जिन्होंने विभाजन की त्रासदी को झेला। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा देश विभाजन की विभीषिका पर अपने विचार व्यक्त करने के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने २ मिनट का मौन धारण कर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एसडीएम शुभम पाटीदार, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नागरिकगण उपस्थित रहे।

### तिरंगा सजावट व मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश




**नीमच।** भारत के ८०वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय, भरभडिया में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक तिरंगा सजावट गतिविधि एवं मानव श्रृंखला आयोजित की गई। दोनों शिक्षिकाओं के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने फूलों, पत्तियों एवं प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करते हुए तिरंगे की सुंदर आकृति तैयार की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में सहभागिता की। तिरंगा सजावट और मानव श्रृंखला विद्यालय परिसर में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की जानकारी भी दी गई। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन, एकता, सहयोग और सृजनात्मक सोच का विकास करती हैं।

### पेट्रोल पंप लूट की योजना बनाते तीन शातिर चोर गिरफ्तार, मसरूका जब्त



**मंदसौर।** भानपुरा पुलिस थाना ने पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बना रहे ३ शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से क्षेत्र की ३ अलग-अलग चोरियों का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामसनेही मिश्रा और एसडीओपी श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में भानपुरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक विनय बुन्देला व उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में कल्लु पिता श्यामलाल कंजर (उम्र 36 वर्ष, निवासी रेनखेड़ा, चित्तौड़गढ़), बादल पिता इन्दरमल कंजर (उम्र 25 वर्ष, निवासी धांगनमऊ कलाँ, चित्तौड़गढ़) और दिनेश पिता चतुर्भुज बागरी (उम्र 27 वर्ष, निवासी कोटा, राजस्थान) शामिल हैं। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने थाना क्षेत्र में जून, जुलाई और अगस्त माह में हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बड़ा महादेव मंदिर से चोरी गई दानपेटी नगदी 3080 रू., 120 ग्राम की चांदी की सेट, 4 चांदी की चूड़ियां (55 ग्राम), पायजेब की जोड़ी, 4 चांदी के सिक्के कुल कीमती 20 हजार रुपये तथा चोरी की एक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल कीमती 40 हजार रुपये बरामद की है।

**जनविश्वास शिविर आज आयोजित होगा**

**रतलाम ।** शासन निर्देशानुसार जनविश्वास कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को नगर पालिक निगम, रतलाम के झोन कार्यालयों पर शिविर का आयोजन किया जावेगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-अब्दुल मनान खान क्रेता-नजमा बी पति इमरान रिजवी वार्ड क्रं. 58 पता-47/2 पैकी भाग जूना पीठा इन्दौर पिन- 1000892455 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-अब्दुल मनान खान क्रेता-नजमा बी पति इमरान रिजवी वार्ड क्रं. 58 पता-47/2 जूना पीठा इन्दौर पिन-1000892455 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती शशि कुशवाह पति श्याम कुशवाह क्रेता- श्रीमती प्रीति तंवर पति स्व. राजपालसिंह तंवर पता- सर्वे नं. 378/1/1 पिपल्या राव इन्दौर पिन- 9000286423 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- दिनेश पिता बाबूलाल राणावत क्रेता- 1- श्रीमती कोमल राणावत पति स्व.श्री दिनेश राणावत, 2- श्री राज राणावत पिता स्व. दिनेश राणावत, 3- श्री आकाश राणावत पिता स्व. दिनेश राणावत पता- सर्वे नं. 81/2 अन्य सरल भग क्रमांक 39 ग्राम बिलावली इन्दौर पिन- 1003096777 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- राधेश्याम शर्मा बजरंग एग्रो क्रेता- मंदानिकी सिसौदिया पति दिनेश सिसोदिया पता- 42 गोयल इनक्लेव (आलोक नगर) के पास इन्दौर पिन- 1001342234 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- बालाजी स्टील तर्फे प्रो. पुरुषोत्तम राठौर क्रेता-श्रीमती राधा पति शिव शंकर गर्ग वार्ड34 पता- 10-ए स्कीम नं. 78 (न्यू लोहा मंडी) इन्दौर पिन- 1000982013 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती मनोरमा राठौर पति श्री प्रेमलाल राठौर क्रेता- श्रीमती रतनबाई पति किशोर पता- भवन क्रमांक 53-सी गोविन्द नगर गुप्ता किराना के पास इन्दौर पिन- 1003100719 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**



## विधायक पण्ड्या ने माँ चामला मय्या को चुनर अर्पित कर पूजा अर्चना की

**बड़नगर।** नगर का प्रमुख जल स्त्रोत माँ चामला मय्या के इस वर्ष प्रथम बार जलमग्न होने से परम्परा अनुसार विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, जल सभापति अजय दौराया द्वारा माँ चामला मय्या की चुनर अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर सभापति अजय दौराया द्वारा विधायक पंड्या का सॉफा/दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड, गणपत डाबी, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला महामंत्री विजय चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा सोनी, पार्षद नेहा शांतिलाल गोखरू, एल्डरमेन राजकुमारी निम्बोला, अशोक शाह मेनेजर, मधुसुदन गुर्जर, किशोर पांचाल, महेश सेन , सत्यनारायण भाटी, पार्षद प्रतिनिधी लालबहादुर बादशाह, राजेश परमार, सांसद प्रतिनिधी जितेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्यजन अवाम एवं नगर पालिका अधिकारी/ कर्मचारीगण संजय श्रीवास्तव, मनोज घोष सहायक यंत्रीआदी कर्मचारी उपस्थित थें।

## स्कूली बच्चों ने पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा को दिया संदेश

**खरसौदकलां।** स्कूली बच्चों में हरियाली अमावस्या पर पौधे रोपकर जागरूकता के साथ पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया है। विद्याथीर्यों ने पौधे लगाकर सुरक्षा इंतजाम का भी संकल्प लिया। समीप में चामला नदी किनारे फ्यूचर साइन हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने हरियाली दिवस पर पर्यावरण सुधार में संकल्प लेकर सैकड़ो पौधे रोपे। बच्चों ने सरकारी भूमि एवं स्कूल परिसर में छायादार फलदार पौधे लगाएं पोंधे स्कूल संचालक बसंतीलाल राठौर एवं स्कूल प्राचार्य वैनेला मेडम की मौजूदगी में रोपे।

## तिरंगा यात्रा निकली, देश भक्ति के नारों से गूंजा नगर

**खाचरौद।** स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिषद् द्वारा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, सामाजिक संगठन और आम नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। लगभग 3 किलोमीटर लम्बी यह भव्य तिरंगा यात्रा उज्जैन दरवाजा, विक्रम मार्ग से शुरू होकर सागरमल मार्ग, गणेश देवली, अनंतनारायण मंदिर चौराहा, चबूतरा चौराहा, लक्ष्मीनाथ मंदिर चौराहा होते हुए शासकीय कन्या शाला विद्यालय तक पहुंची। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा₹ के नारे गूंजते रहे। तिरंगे की लंबी कतार ने पूरे माहौल को देशभक्तिमय बना दिया।

## लखनवास में निकली तिरंगा यात्रा, मंत्री पंवार हुए शामिल

**ब्यावरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज लखनवास में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने सहभागिता कर तिरंगा हाथ में लेकर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश के गौरव, एकता, अखंडता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा अपने घर एवं प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराकर देश की आन-बान-शान के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## बारिश की फुहारों के बीच निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा सुसनेर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत बुधवार को नगर परिषद सुसनेर के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बारिश की फुहारों के बीच निकली इस यात्रा में स्कूली बच्चों सहित नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौसम खराब होने के बावजूद यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा थामे स्कूली बच्चे देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए, जिससे नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विश्राम गृह (डाक बंगला) से किया गया। यहां से बड़ी संख्या में प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। बारिश की हल्की फुहार के बीच तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।



























## प्रतिका को मौका; इंडिया का पहला मैच 30 अगस्त को होगा

# चोटिल जेमिमा एशिया कप से बाहर, एशियाड भी नहीं खेलेंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण एशिया कप और एशियन गेम्स से बाहर हो गई हैं। उन्हें यह चोट इसी महीने इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान लगी थी। उनकी जगह प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि 25 साल जेमिमा की मेडिकल टीम ने जांच की है। जांच में उनकी हैमस्ट्रिंग में गंभीर स्तर का टियर मिला है।



बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। एशिया कप 28 अगस्त से 5 सितंबर तक दुबई में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बताया कि इंग्लैंड में द हंड्रेड लीग के एक मैच में 3 अगस्त को जेमिमा के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। मेडिकल टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनकी जांच की। इसमें हाई-ग्रेड टियर इंजरी कन्फर्म हुई है।

### एशिया कप के लिए भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमालिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, राधा यादव, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़ और प्रतिका रावल।

# ऑस्ट्रेलिया की गार्डनर पर चीटिंग के आरोप

## पूर्व पत्नी ने कहा- इसी वजह से हुआ तलाक, दोनों ने पिछले साल की थी शादी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान एश्ले गार्डनर पर चीटिंग के आरोप लगे हैं। उनकी पूर्व पत्नी मोनिका राइट ने उन पर साथी खिलाड़ी जॉर्जिया वोल के साथ संबंध में होने का आरोप लगाया है। राइट ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पर कार्रवाई नहीं करने और गार्डनर को उपकप्तान बनाए रखने की आलोचना की थी। दोनों ने 2025 में शादी की थी। शादी करीब एक साल ही चल पाई। दोनों ने तलाक फाइल कर रखा है। आरोप के बावजूद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गार्डनर को महिला टीम की उपकप्तान बनाए रखा है। इस पर उएड टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा- ह्यबोर्ड स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बोर्ड ने इस बारे में अपडेट मांगा था, जो हमने दिया।

ग्रीनबर्ग ने कहा- इसका नतीजा यह रहा कि बोर्ड गार्डनर के उपकप्तान पद पर बने रहने का पूरा समर्थन करता है। गार्डनर को इस भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था और बोर्ड उनके लिए बहुत ऊंचा सम्मान रखता है। ग्रीनबर्ग ने साफ किया कि उपकप्तान के तौर पर गार्डनर वोल के प्लेइंग-11 या टीम में चयन को लेकर खिलाड़ी या चयनकताओं से कोई बातचीत नहीं कर सकेंगी। उन्हें ऐसे किसी भी दूसरे मामले से भी दूर रहना होगा, जिससे हितों के टकराव की संभावना बन सकती है। ग्रीनबर्ग ने इस पर कहा, ह्यहां, यह सही है। हमें लगता है कि यह जरूरी है। भले ही वास्तविक टकराव न हो, लेकिन बाहर के लोगों, टीम की दूसरी खिलाड़ियों या स्टाफ को टकराव की आशंका दिख सकती है।

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता दिवस के मंगल अवसर पर स्वागत... वंदन.. अभिनंदन
78 वां भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर स्वागत... वंदन.. अभिनंदन...
पंडित शैलेंद्र नागर
बी.कॉम., एल.एल.बी., एडवोकेट
मोबाइल - 7898705134
क्रिमिनल केस, सिविल केस, फैमेली केस, जमानत, चेक बाउंस क्लेम, कोर्ट मैरिज, रजिस्ट्री, वसीयत नामांतरण, उपभोक्ता मामले, विक्रय पत्र अनुबंध एवं अन्य कानूनी सहायता के लिए संपर्क करें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कानीपुरा रोड, उज्जैन (म.प्र.)
कार्यालय: 30, खाराकुआं, उज्जैन (म.प्र.)
कोर्ट का समय: प्रात: 11 बजे से 6 बजे तक

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ओम सारवान
(एडवोकेट)
अध्यक्ष
जिला अभिभाषक संघ उज्जैन
मोबाइल: 9827228498

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय सिंह (राहुल भैया) संरक्षक
कैलाश सोनी मध्यप्रदेश अध्यक्ष
अमन बिरादरी
प्रगतिशील सोच की राष्ट्रीय संस्था
374, भोज मार्ग, जानकी सदन, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9425195958

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महामृत्युंजय जाप, रूद्राभिषेक, महाकालेश्वर नवग्रह शांति कालसर्प दोष शांति, अंगारेश्वर, भात पूजा (मंगल शांति) पितृदोष, नागवली, नारायण वली आदि समस्त मांगलिक कार्य वैदिक पद्धति से संपन्न कराए जाते हैं।
पं. दिलीप उपाध्याय (चम्मू गुरु)
मो. 9827284998
सिद्ध विनायक मंदिर महाकाल प्रांगण, उज्जैन

आज फिर से वो दिन आया है, जिसके लिए न जाने कितने स्वतंत्रता के मतवालों ने अपना लहू बहाया है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आशीर्वाद जोशी
पिता स्व. मोहनलाल जोशी, मस्ताना
(हाईकोर्ट एडवोकेट)
(प्रैक्टिस, इंदौर)
पता- 56 ब्राह्मण गली काजी चौक, तराना जिला उज्जैन
ऑफिस: ई-36, कनक स्मार्ट सिटी ग्राम भंगिया अरविंदो हॉस्पिटल के सामने, इंदौर- सांवेर रोड
मोबाइल नंबर 9907-303012, 9893-303012

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आन देश की शान देश की, देश की हम संतान हैं, तीन रंगों से रंगा तिरंगा, अपनी ये पहचान है।
बेटी बचाओ, बेटी पढाओ
पी एम श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सोयतकलाँ,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शहर के बीचो-बीच चौराहे पर विराजित माँ चामुण्डा माता का मंदिर अपने आप में चमत्कारिक और दिव्य है। पं. सुनिल चौबे ने बताया माँ की प्रतिमा स्वयंभू है। मंदिर परिसर में नौ देवियों सहित हनुमानजी, भेरूजी और शंकर जी की प्रतिमा विराजमान है। मंदिर में नवरात्रि व अन्य उत्सवों पर विशेष साज सज्जा व श्रृंगार किया जाता है,,,
मुख्य पुजारी पं. शरद चौबे 9329410428
पुजारी पं. सुनिल चौबे 9329410428

15th August स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. जलील कुरैशी बी.एससी., बी.ए.एम.एस.
डॉ. नाजिल कुरैशी बी.यू.एम.एस.
डॉ. एम. एफ. कुरैशी बी.ए.एम.एस.एल.एल.बी.
Mob. 98272 33803
आओ मिलकर करें देश का सम्मान, हर दिल में हो देशभक्ति हर हाथ में हो योगदान।
जय हिन्द
स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के चर्म, कुष्ठ, गुम, उदर (पेट) रोग, मानसिक रोग गुदा रोग, मस्सा, भंगदर, नासुर, कान से बहते मवाद (पीप) से मुक्ति व बिना टांके कटे कान जोड़े जाते हैं।
शरीर के समस्त प्रकार के वात एवं असाध्य रोग का आयुर्वेदिक पंच कर्म (फिजियोथेरेपी) द्वारा सफल इलाज किया जाता है
क्लिनिक : हरिफाटक, महाकाल रोड, कोट मोहल्ला घाटी, पीपल पेड़ के पास, उज्जैन (सुबह 11 से 5 तक)
निवास : 19, बेगम बाग कॉलोनी, उज्जैन (रात्रि 9 से 10 तक)
वंदे मातरम्
भारत माता की जय
स्वतंत्रता की यह ज्योति सदा जलती रहे, हम सब मिलकर भारत को और महान बनाएं।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ट्रामा सेन्टर एवं मेटरनिटी होम
निर्मला हॉस्पिटल
प्रेमनगर चन्देसरी, देवास रोड, उज्जैन
उत्कृष्ट चिकित्सा, स्नेहपूर्ण सेवा
हमारी प्रमुख सुविधाएँ
• रेडियोलॉजी विभाग — डिजीटल एक्सरे, सोनोग्राफी एवं मेडिक्लेम सुविधा
• सर्जरी विभाग — पथरी, हर्निया, पोस्टेट, कैंसर सर्जरी, बच्चेदानी, स्तन पित्ताशय, अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन एवं साधारण सर्जरी
• मेडिसिन विभाग — हृदय, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थायराइड, फेफड़े, श्वास संबंधी रोग
• स्त्री एवं प्रसूति विभाग — नार्मल डिलेवरी, सिजेरियन, रक्तस्त्राव, बाँझबन, हार्मोस, अण्डाशय की गठान की जाँच
• ऑर्थोपेडिक विभाग — हड्डी, जोड, फैक्चर एवं स्पोटर्स इंजरी
• बाल रोग विभाग — नवजात शिशु से किशोर तक सम्पूर्ण इलाज
• दंत रोग एवं मुख रोग विभाग — दांतों का इलाज, रूट कैनाल दंत इम्प्लांट
• चर्म रोग विभाग — त्वचा, बाल, नाखून, एलर्जी एवं लेजर उपचार
सर्प दंश एवं जहरीले जानवरों के काटने का सफल इलाज
रेबिज टीकाकरण
नवजात शिशुओं से लेकर 5 वर्ष के बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण
(प्रति बुधवार, शनिवार समय प्रात: 10 से 12 बजे तक
पंजीकरण एक दिन पूर्व अनिवार्य है।
सम्पर्क करें
मोबा. 8529815330, 8982193739
शहर से कम खर्च में आधुनिक उपचार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होटल सांई दरबार
मालवा का प्रसिद्ध
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
SWIGGY zomato
22, बख्खार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

## न्यूज कॉलम

### धार भोजशाला से सटी जमीन पर नमाज अदा

**धार।** धार में भोजशाला से लगी सर्वे नंबर 612 की जमीन पर मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यहां लगातार तीसरे शुक्रवार नमाज हुई। नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज को लेकर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। नमाज स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई थी। सफेद पर्दे भी लगाए गए थे। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को अंतरिम आदेश जारी कर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए थे कि मुस्लिम समाज के लिए हर शुक्रवार जुमे की नमाज के लिए भोजशाला के पास खाली वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराई जाए।

### इंदौर में ऑनलाइन ठगी के दो मामले

**इंदौर।** खजराना और भंवरकुआं थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। खजराना में ठग ने यूको बैंक का कर्मचारी बनकर दूध व्यवसायी को ङउ अपडेट कराने का झांसा दिया और 49 हजार ठग लिए। वहीं, भंवरकुआं में मुंबई में पीजी की तलाश कर रही छात्रा से 1.27 लाख की ठगी की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के अनुसार, पीड़ित मोहन पाटीदार दूध व्यवसायी हैं। उनका खाता तिलक नगर स्थित यूको बैंक में है। 4 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया।

### पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर की मौत में पति पर एफआईआर

**इंदौर।** पलासिया इलाके में करीब 20 दिन पहले पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर द्वारा आत्महत्या के प्रयास के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनके पति के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। मायके पक्ष की शिकायत और आरोपों के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। जांच के बाद पलासिया पुलिस ने गुरुवार देर रात पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस के मुताबिक आरती यादव ने अपने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उन्हें उनके पति निलेश यादव अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां अगले दिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।





















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com